हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 27.6 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री



सरकंडा सांई मंदिर के पास से जाने वाली सड़क जर्जर गड्ढा होने से हमेशा यहां भरा रहता है पानी



## खबर संक्षेप

### किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त आज जारी होगी

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जारी करेंगे। श्री मोदी किसानों के साथ संवाद भी करेंगे। जिले में कोनी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में वेब कॉस्टिंग के जरिए उनके संबोधन को जीवंत सुना जा सकेगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी बैठक आज

**बिलासपुर।** एसआईआर 2025 निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर संभाग की बैठक सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में 19 नवम्बर बुधवार को दोपहर 1 बजे से होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह ने बताया कि बैठक में बिलासपुर संभाग के सांसद, विधायक, एसआईआर के संभाग प्रभारी, जिला प्रभारियों, जिले के भाजपा जिलाध्यक्षों, विधानसभा चुनाव 2023 के प्रत्याशियों, बीएलए 1 को इस संभागीय बैठक में आमंत्रित किया गया है।

### डीएलएस कालेज में संगोष्ठी कल से

**बिलासपुर।** डीएलएस महाविद्यालय अशोक नगर सरकंडा में दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 20 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्य डा. प्रताप पाण्डेय ने बताया कि उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकरनाथ बाजपेयी करेंगे। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला होंगे। इसका आयोजन माइक्रोबायोलाजिस्ट सोसायटी इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। उदघाटन सुबह 11 बजे होगा। महाविद्यालय शासकीय निकाय के अध्यक्ष निशा बसंत शर्मा ने बताया कि इस दो दिवसीय संगोष्ठी की तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी को आवश्यक दायित्व सौंपा जा चुका है।

### प्लेसमेंट कैंप कल, 293 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोनी में 20 नवंबर को एक प्लेसमेंट कैंप आयोजित किया जाएगा। इस कैंप के माध्यम से कुल 293 अलग-अलग पदों पर भर्तियां की जाएंगी। यह भर्ती प्रक्रिया सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। कैंप में चार निजी कंपनियां शामिल होंगी, जो फील्ड ऑफिसर, एग्रीकल्चर ब्रांच डेवलपमेंट ऑफिसर, कस्टमर सर्विसेस एक्जिक्युटिव, इलेक्ट्रिशियन और फील्ड टेक्निशियन जैसे विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करेंगी।

# रास्ता बंद करना सरकार को चुनौती, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दयालबंद में सार्वजनिक आवागमन के रास्ते को कुछ लोगों द्वारा बंद करने पर मंगलवार को जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें बताया कि रास्ते में बना निर्माण तोड़ दिया गया है। रास्ता आम लोगों के लिए खोल दिया गया है।

शासन की पेश रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमांकन के बाद साफ हुआ है कि जमीन वाजिब-उल-अर्ज़ में दर्ज है। साथ ही कलेक्टर की ओर से कहा गया है कि इस तरह की किसी भी गलत हरकत पर नजर रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने मामले को मानिटरिंग के लिए रखा है। साथ ही कोर्ट ने इसका स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए हैं ताकि दोबारा कोई इस तरह सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण न कर सके। गौरतलब है कि कोर्ट ने पिछली सुनवाई में बिलासपुर कलेक्टर को व्यक्तिगत शपथपत्र प्रस्तुत कर बताने के निर्देश दिए कि उन व्यक्तियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने क्या कार्रवाई की, जिन्होंने दीवार खड़ी करके फुटपाथ को अवरुद्ध किया।



- हरिभूमि की खबर पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए कड़ी टिप्पणी की, 15 परिवार हो रहे परेशान
- दयालबंद में रास्ता बंद करने के मामले में जिला प्रशासन ने हाईकोर्ट में कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की

उल्लेखनीय है कि दयालबंद पुल के नीचे रहने वाले 15 परिवारों के लिए इस्तेमाल होने वाले चिह्नित फुटपाथ को कुछ लोगों ने अवरुद्ध कर दिया। इन लोगों ने पहले उस जगह से लगी ज़मीन खरीदने की कोशिश की थी। विफल रहने पर उन्होंने वहां एक लोहे का गेट और दीवार खड़ी कर दी, जिस पर एक धमकी भरा नोट भी चिपका है कि उस रास्ते से गुजरने वालों को उचित उपचार दिया जाएगा। हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लिया और आरोपियों के रवैए और धमकी देने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की थी। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि दीवार पर लिखा संदेश वस्तुतः राज्य के अधिकार के लिए एक सीधी चुनौती है, क्योंकि किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं है।

### जमीन नहीं बेचने पर धमकी और दबाव

दरअसल यह पूरी जमीन खसरा क्रमांक 175/1 से 175/9 तक के अंतर्गत आती है और सभी लोगों के पास उनकी जमीन के कागज हैं। यहां के निवासी राकेश मौर्य, कल्पनाथ मौर्य, पवन मौर्य, शकुंतला कश्यप, गिरिजा कश्यप, सरिता मौर्य, सीमा चक्रवर्ती और अन्य ने बताया कि रास्ता बंद करने वाले कुछ लोग उनकी जमीन को खरीदना चाहते हैं। नहीं बेचने पर इस तरह से तंग किया जा रहा है। इन निवासियों की शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम ने निरीक्षण भी किया और पंचनामा बनाया। इसमें पाया गया कि सभी लोग सालों से निवास और रास्ते से आना जाना करते आ रहे हैं। निरीक्षण में पाया गया कि नक्शे में भी दयालबंद सड़क तक पगडंडी है।



40 साल पुराने रास्ते को बंद कर लिख दिया 'गुजरने वालों की खूब खातिरदारी की जाएगी'

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### पगडंडी दर्शित इसके बाद भी कब्जा

गौरतलब है कि दयालबंद पुल के नीचे 40 सालों से रह रहे 15 परिवारों के आने जाने के रास्ते को कुछ लोगों ने बंद कर दिया है। इससे इन्हें परेशानी हो रही थी। स्थिति यह रही कि बच्चों को पुल के नीचे से नदी पार करते हुए कंधे पर बिठाकर स्कूल छोड़ना और लाना पड़ रहा था। यहीं नहीं बाइक या दूसरे वाहन मुख्य सड़क पर या दुकानों में रखनी पड़ रही क्योंकि नदी में गाड़ी चलाने में मुश्किल होती है। बीमारी या आपात काल की स्थिति में परेशानी बढ़ जाती है। मामले की कलेक्टर से शिकायत करने के बाद मौके का सीमांकन भी किया गया जिसमें पगडंडी दर्शित की गई है। इसके बाद भी लोहे का गेट लगाकर और बाउंड्री बनाकर उसमें लिख दिया गया है कि इस रास्ते से गुजरने वालों की खूब खातिरदारी की जाएगी।

### निगम टेंडर-टेंडर खेल रहा और काम शुरू ही नहीं हो पा रहा

# स्मार्ट शहर के रहवासी साल भर से सफाई गंदगी, अंधेरे और मच्छरों से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट शहर के रहवासी पिछले करीब साल भर से सफाई, गंदगी, अंधेरे और मच्छरों से परेशान हैं तो निगम के अधिकारी चहेतों को ठेका देने पर अड़े है। पिछले साल भर से टेंडर-टेंडर खेला जा रहा है और काम है कि शुरू ही नहीं हो पा रहा है। फागिंग और लार्वा कंट्रोंलके लिए किया गया 95 लाख रुपए का टेंडर भी तीन बार निरस्त कर दिया गया है। अब चौथी बार टेंडर नए सिरे से जारी करने की बात कही जा रही है। इधर 14 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब हैं और शहर के अधिकांश क्षेत्र अंधेरे में डूबे हुए हैं। सुधार के लिए जहां निगम ने साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था तो इस टेंडर में तकनीकि त्रुटि और निगम को हो रहे वित्तीय नुकसान के बाद रद्द पार्षदों ने ही रद्द करा दिया। सफाई का ठेका भी साल भर से नहीं हो पा रहा है और गंदगी फैली हुई है।

- फागिंग और लार्वा कंट्रोंल का छिड़काव अब तक तीन बार निरस्त हो चुका

गौरतलब है कि निगम ने फागिंग और लार्वा छिड़काव का जिम्मा निजी कंपनी को देने का फैसला लिया है। निगम ने इसके लिए टेंडर किया था जो कि 19 मई को ओपन किया गया। टेंडर में बिलासपुर की दो कंपनियों आरके कंस्ट्रक्शन और सतीश सिंह ने निविदा डाली थी। निगम ने लेकिन इन टेंडरों को निरस्त करते हुए नए सिरे दूसरा टेंडर जारी किया है। इसमें तीन बिलासपुर की दो कंपनियों आरके कंस्ट्रक्शन और सतीश सिंह के अलावा रायपुर की शिवांगी इंटरप्राइजेज कंपनी ने टेंडर डाला था। निगम ने लेकिन तीनों निविदाओं को अपात्र पाते हुए निरस्त कर दिया है।



### मच्छरों की फौज बढ़ती जा रही

सफाई नहीं होने की वजह से नाले-नालियों में मच्छर अंडे दे रहे हैं, जिससे मच्छरों की फौज बढ़ती जा रही है। ध्यान रहे कि लार्वा कंट्रोल के लिए हर साल ठेका होता है। इसके तहत हर महीने दो लाख 79 हजार रुपए खर्च नाले-नालियों में दवा का छिड़काव किया जाता है। इसी तरह मौजूदा स्थिति में निगम की 10 फागिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इसका एक दिन का खर्च 13 हजार 500 रुपए आता है। निगम का दावा है कि निजी कंपनियों को काम देने से निगम का खर्चा भी कम होगा और ठीक से मानिटरिंग भी हो सकेगी। फागिंग और लार्वा मिलाकर ठेका कंपनी 95 लाख रुपए लेगी। इससे डीजल चोरी नहीं होगी और लार्वा छिड़काव ठीक से हो सकेगा। अब कहा जा रहा है कि नियमों में बदलाव करते हुए चौथी बार नए सिरे से टेंडर जारी होगा।



### स्ट्रीट लाइट का टेंडर दो बार निरस्त

14 हजार से अधिक स्ट्रीट लाइटों को सुधारने के लिए निगम ने साढ़े पांच करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया। तकनीकि त्रुटि बताते हुए अब तक दो बार टेंडर निरस्त किया जा चुका है। यही नहीं इसी स्ट्रीट लाइट के लिए निगम ने करीब एक करोड़ 10 लाख रुपए का अलग से प्रस्ताव बनाया जाना है जो कि खराब उपकरणों की सप्लाई के लिए है। दोनों ही टेंडर अटके पड़े हैं। ज्ञात हो कि दिन ढलते ही निगम क्षेत्र की कई सड़कें अंधेरे में डूब जा रहीं हैं। यह स्थिति ज्यादातर उन क्षेत्रों में हैं जो निगम में शामिल हुई हैं। पार्षदों ने भी मांग की कि शहर के विभिन्न स्थानो में स्थापित पोल खराब स्थिति में आ गए है तथा कई स्थानो में स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य की जरूरत है।

### सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान नहीं



शहर में सफाई भी ठीक से नहीं हो पा रही है। ध्यान रहे कि राज्य शासन ने केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर सड़कों की सफाई और धुलाई का ठेका दिल्ली की लॉयन सर्विसेज को दे रखा है। इसके साथ ही नाले-नालियों की सफाई दूसरे ठेके पर की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य महकमे ने 25 लाख रुपए में 5 ठेकेदारों के 220 श्रमिकों नाले-नालियों की सफाई का जिम्मा तो दे दिया, लेकिन सफाई हो नहीं रही है। नाले-नालियां भरी पड़ी हैं। दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट खराब होने के साथ ही शहर की चौपट बिजली व्यवस्था पर हाईकोर्ट भी नाराज हो चुका है।

### प्रस्ताव एमआईसी में पास



काम की गुणवत्ता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। आपत्ति के बाद स्ट्रीट लाइट लगाने का साढ़े पांच करोड़ का टेंडर निरस्त करते हुए रिटेंडर किया गया है। स्ट्रीट लाइटों में लगे जो सामान खराब हो गए हैं उनकी मरम्मत और मेंटेनेंस के लिए करीब एक करोड़ रुपए का प्रस्ताव एमआईसी में रखते हुए पास किया गया है।

- **पूजा विधानी,** महापौर, बिलासपुर

### टेंडर जारी किया गया



स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। पहले चरण में जो लाइंटे आईं थीं उसे मांग के आधार पर हर वार्डों में दिया जा रहा है। हर वार्ड में 15-20 लाइंटे दी जा रहीं हैं। फागिंग और लार्वा छिड़काव के लिए भी टेंडर किया गया है।

- **अमित कुमार,** आयुक्त, नगर निगम

# 20 दिनों से नहीं खुली तीन राशन दुकानें, होंगी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





- सहकारी समितियों के हड़ताली कर्मचारी कर रहे थे संचालन
- जिले में 96 पीडीएस दुकानें सहकारी समितियों के पास

ग्रामीण क्षेत्रों में राशन दुकान का संचालन कर रही कोटा ब्लॉक की तीन सहकारी समितियों द्वारा पिछले बीस दिनों से दुकान नहीं खोली गई है। दुकान नहीं खुलने के कारण क्षेत्र के कार्डधारियों को नवंबर महीने का राशन भी अब तक अप्राप्त है। ऐसी स्थिति में तीनों दुकानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए दुकान को अटैच करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि क्षेत्र के राशन कार्डधारियों को राशन उपलब्ध कराया जा सके।

चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे तीन सहकारी समितियों के कर्मचारियों द्वारा पिछले बीस दिनों से दुकान नहीं खोली गई हैं, जिसमें कोटा ब्लॉक की कोटा समिति, चपोरा समिति एवं बछालीखुर्द समिति शामिल हैं। इन समितियों के अंतर्गत कुल 1 हजार 770 कार्डधारी अपना राशन प्राप्त करते हैं, लेकिन दुकान बंद रहने के कारण नवंबर माह का राशन ग्रामीणों को अब तक अप्राप्त है। खाद्य विभाग द्वारा इन तीनों राशन दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारी हड़ताल पर ही हैं। ऐसी स्थिति में तीनों दुकानों को निलंबित करने की तैयारी की जा रही है। दुकानें निलंबित करने की स्थिति में राशन कार्डधारियों को राशन का वितरण करने समीपस्थ पीडीएस दुकानों को अटैच किया गया है।

### महासमुंद में सर्वाधिक 369 दुकानें बंद

प्रदेश में लगातार 20 से 25 दिनों तक दुकानें बंद रहने एवं राशन वितरण का प्रतिशत शून्य रहने के मामले में महासमुंद पहले नंबर पर है। यहां 369 दुकानें नहीं खुली हैं। इसी तरह रायपुर में 207, कवर्धा में 134 एवं धमतरी में 121 दुकाने लगातार बंद हैं व नवंबर का राशन वितरण नहीं हो सका है।

### बंद करने का अंदेशा पहले से था

जिले में 96 पीडीएस दुकानों का संचालन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। हड़ताल के दौरान दुकाने बंद रहने का अंदेशा पहले से ही था इसीलिए सतत मॉनिटरिंग व समझाइश देकर 93 दुकानों का संचालन हड़ताल के दौरान भी जारी रखा गया। केवल तीन दुकानें बंद हैं, जिन्हें निलंबित करने की तैयारी है। यहां राशन वितरण के लिए किसी अन्य दुकान को अटैच कर दिया जाएगा।

- **अमृत कुजूर,** खाद्य नियंत्रक बिलासपुर

# पेंड्रा में पारा 10 डिग्री से नीचे, पड़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवंबर में पकड़ रही कड़ाकें की ठंड पुराने रिकार्ड तोड़ रही है, पिछले दो दिनों में तापमान तेजी से नीचे जा रहा है, यही कारण है कि मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम आंका गया। इस दौरान शीतलहर चलने की आशंका भी बन रही है।

उत्तरी हवाओं का जोर ठंड में बढ़ोत्तरी कर रहा है,इसके प्रभाव के चलते तापमान में गिरावट आ रही है। पेंड्रा में रात का न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री जा पहुंचा है,वहीं अंबिकापुर में शीतलहर चलने लगी है, यहां तापमान 7.3 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम जानकारों के मुताबिक आने वाले 5 से 6 दिनों के भीतर तापमान में तेजी से नीचे गिर सकता है, जिसके बाद बिलासपुर संभाग में भी शीतलहर चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार सरगुजा संभाग में शीतलहर चल रही है।

डाक्टरों के अनुसार अचानक मौसम में हो रहे परिवर्तन का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है, ऐसे में बिना गर्म कपड़े के लोगों को बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जा रही है।

### जयरामनगर के बीच हुई सारी घटनाएं

# तीन साल में सिग्नल ओवरशूट के 6 मामले, एक में चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जयरामनगर से बिलासपुर स्टेशन के बीच पिछले तीन साल में सिग्नल ओवरशूट के 6 मामले हो चुके हैं, जिसमें एक चालक की मौत भी हुई है। इसके बाद भी रेल प्रशासन का ध्यान इधर नहीं है।

प्रतिवर्ष 100 से अधिक रेल दुर्घटनाओं में ज्यादातर मामले ओवरशूट और ट्रेन के बेपटरी से संबंधित थे। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को आटोमैटिक सिग्नल का कार्य शुरु करने आदेशित कर दिया। आटोमैटिक सिग्नल प्रणाली लागू करने के बाद 1 किलोमीटर के अंदर अगर कोई ट्रेन है तो उस लाइन पर सिग्नल रेड के कारण दूसरी ट्रेन को आगे बढ़ने नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद बिलासपुर रेल मंडल में दुर्घटना पर कोई भी अंकुश नहीं लग पाया। पिछले तीन वर्ष के दौरान बिलासपुर से रायगढ़ स्टेशन के बीच पड़ने वाले जयरामनगर-गतौरा स्टेशन के मध्य 6 सिग्नल ओवरशूट के मामले हुए हैं। इस ओवरशूट में ट्रेन रेड सिग्नल को पार कर आगे निकल गई, जिसके कारण ट्रेन के कोच बेपटरी हो गए। वहीं हाल ही में एक मामले में इंजन सहित ब्रेक यान और यात्री कोच खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गए, जिसके कारण चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कई यात्री घायल भी हुए।

### एक साथ दिखाई देते हैं कई सिग्नल

रेल प्रशासन ने आटोमैटिक सिग्नल को ट्रेन हादसों को नियंत्रित करने के लिए लगाया है। वहीं आल इंडिया रेलवे रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने कुछ दिन पहले रेल हादसे की जांच करने के लिए पहुंचे रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा को मल्टी लाइन खंड में एक दिशा में समानांतरण कई सिग्नल एक साथ दिखाई देने की बात कही थी। लोको पायलटों का कहना है कि वहीं आटो सिग्नलिंग पद्धति में उनके संकेत अपने आप परिवर्तित होते रहते हैं।

### एकाग्रता भंग करती है सिग्नल

सिग्नलों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि एवं उसकी सतत निगरानी के मध्य सिग्नल एक्सचेंज करना लोको पायलट की एकाग्रता को भंग करता है। लोड टेस्टिंग के बिना सिंगल लोको से अत्यधिक लोड की गाड़ियां संचालित की जा रही है, जिससे स्टालिंग का मनोवैज्ञानिक दबाव लोको पायलट पर हावी रहता है। रेलवे बोर्ड के निर्देश अनुसार 200 किमी से अधिक दूरी की संचालित मेमू में असिस्टेंट लोको पायलट देना अनिवार्य है, लेकिन एसईसीआर में एक भी असिस्टेंट लोको पायलट की मेमू ट्रेनिंग कंपीटेंसी नहीं है।

### इस दिन हुए हादसे

- 13 दिसम्बर 2017 को गतौरा से जयरामनगर के बीच।
- 25 मई 2022 को गतौरा डाउन लाइन पर सिग्नल ओवरशूट के दौरान ट्रेन बेपटरी।
- 05 अगस्त 2022 को तौरा अप लाइन पर स्टार्टर सिग्नल पर।
- 07 फरवरी 2023 को जयरामनगर डाउन लाइन पर।
- 31 मार्च 2023 को गतौरा अप और मीडिल लाइन स्टार्टर पर।
- 04 नवम्बर 2003 को गतौरा से लालखदान के बीच अप लाइन पर।

### जानकारी ली जा रही

बिलासपुर रेल मंडल के जयरामनगर से गतौरा के बीच ओवरशूट के मामलों की जानकारी फिलहाल नहीं है। इस मामले की जानकारी संबंधित विभाग से लेने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।




संकलनकर्ता: जयकुमार ताम्रकार जिला प्रतिनिधि, जिला कार्यालय हरिभूमि मुंगेली मो. 9303508230

## खबर संक्षेप

### रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर ग्रीन का शुभारंभ



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब के नवीन क्लब रोटरी क्लब ऑफ़ बिलासपुर ग्रीन का गठन एवं चार्टर प्रेजेंटेशन विगत दिनों संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल रहे और विशेष अतिथि रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल ने चार्टर प्रेसीडेंट डॉ किरणपाल सिंह चावला एवं चार्टर सेक्रेटरी रोहित मिश्रा को क्लब चार्टर प्रदान कर नए क्लब के गठन की घोषणा की। इस अवसर पर क्लब एडवाइजर डॉ देवेंद्र सिंह एवं असिस्टेंट गवर्नर रो. वंदना सिंह उपस्थित थीं। बिलासपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिष्ठित 18 सदस्यों को प्रवेश और पदभार ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ आरए शर्मा ने रोटरी के गौरवमयी इतिहास की जानकारी दी। नए सदस्यों को संबोधित किया। कार्यक्रम में शैलजा, चरणजीत गंभीर, संजय दुआ, पवन नालोटिया, शरद सक्सेना, रूपेश श्रीवास्तव, प्रकाश माहेश्वरी, ललित अग्रवाल, उदित मोदी आदि मौजूद थे।

### 4 सी एयरपोर्ट को लेकर बिलासपुर उपेक्षित, मांगों पर सरकार की अनदेखी

**बिलासपुर।** ओडिशा, झारखंड जैसे राज्यों में एक से अधिक 4सी एयरपोर्ट मौजूद है, लेकिन 25 साल बाद भी छत्तीसगढ़ में महज 1 ही 4सी एयरपोर्ट बनाया गया है, जबकि बिलासा एयरपोर्ट को सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट बनाने के लिए 5 साल से आंदोलन जारी है। समिति ने कहा कि राज्य सरकार लोगों की मांगों को अनदेखा कर रही है, जिसके चलते यात्रियों को हवाई सुविधा का पूरा फायदा नहीं मिल रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि उड़ीसा में राजधानी भुवनेश्वर और कटक के पास बड़ा हवाई अड्डा है, इसके बावजूद झारसुगुड़ा जैसे छोटे शहर में 4सी एयरपोर्ट बन चुका है। झारसुगुड़ा शहर की आबादी 3 लाख के करीब है, जबकि बिलासपुर की आबादी 20 लाख के करीब पहुंच चुकी है। झारसुगुड़ा में संबलपुर, राउरकेला, सुंदरगढ़ के अलावा छत्तीसगढ़ के रायगढ़ और झारखंड के कोडरमा जिले के हवाई यात्री मिलते हैं। वहीं बिलासपुर संभाग में ही आठ जिले हैं। इसके साथ ही बेमेतरा, बलोदा बाजार, मध्य प्रदेश के बालाघाट, डिंडोरी, अनूपपुर सरगुजा क्षेत्र के भरतपुर, कोरिया के हवाई यात्री मिलते है, इसके बावजूद सर्व सुविधा एयरपोर्ट के लिए बिलासपुर की उपेक्षा समझ के परे है। समिति के सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार का विकास रायपुर और आसपास के क्षेत्र के विकास तक केंद्रित है।

### भरनी में तीन दिवसीय गुरू घासीदास मेला महोत्सव की तैयारी शुरू



**बिलासपुर।** ग्राम भरनी में बाबा गुरुघासीदास का तीन दिवसीय छग प्रदेश स्तरीय जयंती महोस्व व विशाल मेला का आयोजन 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक किया जा रहा है। जिसकी तैयारी बैठक 17 नवंबर को पंडित उमादत्त धिलहरे मेला अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। कार्यकम की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। मेला तैयारी बैठक में मेला अध्यक्ष पंडित उमादत्त चिलहरे, जगदीश लहरे, मोती कोशले, लक्ष्मी खाण्डे सरपंच पेण्डारी, संतराम लहरे पूर्व सरपंच परसदा, मंजू खाण्डे उप सरपंच पेण्डारी, दुर्गेश जांगडे धीरज खाण्डे धनंजय कुर्रे, विरिथ राम घृतलहरे, मुकेश बजारे, अकाश बंजारे, अमन अनत, गोलू भारद्वाज, राजेन्द्र खाण्डे, भूपेन्द्र, मधू पाचो बाई घृतलहरे आदि समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। पंडित उमादत्त घिलहरे ने बताया है कि तीन दिवसीय मेले में भारत के अन्य प्रदेशो सहित छग के कोने कोने से हजारों पंथी नृत्य कलाकरों का दल भाग लेगें। इसमें केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह, वरिष्ठ विधायक पुन्नूलाल मोहले भाग लेगें। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आमंत्रित किया जावेगा।

# जमीन के फर्जी दस्तावेज से 20 लाख रुपए का लोन लेने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी जमीन के दस्तावेज से 20 लाख की लोन लेना वाला फरार आरोपी को पुलिस ने शिवरीनारायण से गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, वर्ष 2024 में शिवरीनारायण तनाउत निवासी हेमन कुमार केंवट पिता लखनलाल केंवट 45 साल ने पटवारी राजकिशोर सवईया, कम्प्यूटर आपरेटर सतवन सिंह टण्डन से सांठगाठ कर ग्राम पोड़ी के 8 जमीन का फर्जी दस्तावेज अपने नाम पर बनवा लिया था। उक्त फर्जी दस्तावेज के माध्यम से उसने आईडीएफसी फस्ट बैंक भाठापारा से 20 लाख रुपए लेकर फरार हो गया था। लोन की किस्त नहीं पटने पर बैंक अधिकारियों के द्वारा दस्तावेज की जांच कराई गई, जिससे दस्तावेज फर्जी पाया गया था। तत्कालीन गनियारी नायब तहसीलदार श्रद्धा सिंह की रिपोर्ट पर पुलिस ने हेमन सिंह केंवट, पटवारी राजकिशोर सवईया, आपरेटर सतवन सिंह टण्डन के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 338, 340, 2, 336, 3, 61, 2 के जुर्म दर्ज कर लिया गया था। उस दौरान पटवारी व आपरेटर ने कोर्ट से अग्रिम जमानत ले लिया था।

लोन लेने वाला मुख्य आरोपी हेमन कुमार फरार चल रहा था। टीआई श्री चौधरी व एसआई हेमेंत आदित्य ने स्टाप के साथ तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से मंगलवार को शिवरीनारायण में दबिश देकर फरार आरोपी हेमन कुमार केंवट को गिरफ्तार कर लिया है।

# पेड़ों की अवैध कटाई : लकड़ी जब्त, आरोपी फरार

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर के सीपत सर्किल में पेड़ों की अवैध कटाई के मामले की सूचना पर अफसरों और स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर लाखों की लकड़ी और अन्य उपकरणों को जब्त किया है। वहीं आरोपी विभाग की टीम के हाथ नहीं लग सका है, जिसकी तलाश शुरु कर दी गई है।

- **बिलासपुर वन मंडल के अफसरों और स्टाफ ने की कार्रवाई**

बिलासपुर वन मंडल से मिली जानकारी के अनुसार सीपत खैरवार निवासी विकास सारथी पिता चैतूराम सारथी पिछले कई वर्षो से जंगल में सागौन, शीशम सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर रहा था। इस मामले में विकास सारथी के खिलाफ कई बार वन अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की गई है, जिसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। इसी तरह मुखबिर से सूचना मिली कि विकास सारथी सीपत के जंगलों में हरे-भरे पेड़ों की कटाई करने के बाद उसे बाहर बेचने का काम कर रहा है। सूचना पर बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार, उप वनमंडलाधिकारी के निर्देश और



मार्गदर्शन पर बिलासपुर वन मंडल के रेंज अफसर शुभम मिश्रा, डिप्टी रेंजर लक्ष्मीकांत गढ़ेवाल, वन रक्षक राजकुमार चेलकर, वनरक्षक सचिन राजपूत, चौकीदार रामदयाल, अजय कुर्रे व अन्य स्टाफ ने सीपत के खैरवार गांव में जाकर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान उसके घर के आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। हिस्ट्रीशीटर विकास सारथी के घर में छापामार कार्रवाई के दौरान एक आरा कटर, नीमा सिलपट, भिर्रा गोला सहित अन्य सामानों को जब्त किया गया। वहीं सूचना मिलते ही आरोपी विकास सारथी मौके से फरार हो गया था।

### की गई है कार्रवाई

सीपत क्षेत्र में अवैध पेड़ों की कटाई के मामले में सूचना मिली थी। वन मंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचकर तत्काल छापामार कार्रवाई की गई। आरोपी विकास सारथी हिस्ट्रीशीटर है और कई बार उसके खिलाफ मामला दर्ज हो चुका है। आरोपी के घर से लकड़ी और अन्य उपकरणों को जब्त करने के बाद कास्ट चिरान और भारतीय वन अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की गई है।

**-शुभम मिश्रा,** रेंज अफसर वन मंडल बिलासपुर

# परीक्षा फार्म के लिए अतिरिक्त शुल्क लेने के खिलाफ छात्र एयू पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा फार्म भरने में अतिरिक्त शुल्क लिए जाने के विरोध में मंगलवार को डीपी विप्र लॉ कालेज के छात्र-छात्राएं अटल यूनिवर्सिटी पहुंचे थे। छात्रों ने रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम से मिलकर परीक्षा फार्म के नाम पर लिए गए अतिरिक्त शुल्क वापस दिलाए जाने की मांग रखी गई।

- **डीपी लॉ कालेज के छात्रों ने रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन**

छात्रों का कहना है कि अटल यूनिवर्सिटी द्वारा इस सत्र आयोजित विषम सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने के लिए बिना किसी पूर्व सूचना और बिना आदेश व बिना कोई आधार अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है। यह व्यवस्था न केवल पूर्व वर्षो की प्रक्रिया के विपरीत है बल्कि सीधे-सीधे छात्र हितों के विरूद्ध भी है। अब तक यूनिवर्सिटी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के परीक्षा फार्म भरने का अवसर प्रदान किया जाता था। लेकिन अचानक लागू की गई इस नई प्रक्रिया के कारण अनेक छात्र आर्थिक कठिनाईयों से जूझ रहे हैं और परीक्षा फार्म भरने से वंचित हो रहे हैं। यह स्थिति छात्रों के लिए कष्टदायक है। इसलिए छात्रहित को ध्यान में रखते हुए परीक्षा फार्म में लगाया गया अतिरिक्त शुल्क तत्काल समाप्त किया जाए तथा जिन छात्र-छात्राओं से अतिरिक्त शुल्क वसूला गया है उनकी संपूर्ण राशि वापस की जाए। छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी से अपेक्षा है कि अपनी पारदर्शी एवं विद्यार्थी-हितैषी छवि बनाए रखते हुए इस मुद्दे पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेगा और ऐसा नहीं करने पर छात्र यूनियन द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी यूनिवर्सिटी प्रशासन की होगी। छात्रों की बात सुनने के बाद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. तार्निश गौतम द्वारा त्वरित निर्णय लेते हुए बढ़ी हुई शुल्क को तत्काल वापस लिया गया और जो छात्र-छात्राएं अतिरिक्त शुल्क के साथ फार्म भरे हैं उनका फीस वापस किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डीपी विप्र लॉ कालेज के छात्र अखिलेश साहू, महेश साहू, विक्की यादव, भूपेन्द्र साहू, संजय साहू, लव साहू, शुभम जायसवाल, अमर प्रधान, आर्यन, जय कुमार, सागर लहरें, डेविड साहू, सुनील साहू, अतीक्षा, हनी, जिज्ञासा, अंजली आदि शामिल रहें।



रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपते डीपी विप्र लॉ कॉलेज के छात्र।

## बिजनेस प्लस

# होंडा बिग विंग अति शीघ्र नए मंडपम भवन तिफरा में

**बिलासपुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ के अंतर्गत सरगुजा, बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर चांपा, मुंगेली, गौरेला - पेंड्रा - मरवाही एवं बिलासपुर के बाइकर्स के लिए अब 200 सीसी से 350 सीसी एवं उससे ऊपर की प्रीमियम बाइक्स हार्ननेट 2.0, एनएक्स 200, सीबी 300 एफ, सीबी 350 आरएस डीएलएक्स, सीबी 350 आरएस डीएलएक्स प्रो, सीबी 350 डीएलएक्स, सीबी 350 डीएलएक्स प्रो. एवं सीबी 350 एचएनइएसएस डीलक्स, सीबी 350 एचएनइएसएस डीलक्स प्रो, सीबी350 एचएनइएसएस डी लक्स प्रो सीएचआरओएमई अब बिलासपुर में ही होंडा बिग विंग - ड्रीम होंडा, रायपुर रोड, महाराणा प्रताप चौक में उपलब्बध है।

यह 145020/- से रु 201348/- (एक्स शोरूम बिलासपुर) में उपलब्ध है। बहुत जल्द ही अपने नए एक्सक्लूसिव वर्ल्ड क्लास शोरूम सेल्स, सर्विस, पाट्र्स एवं राइडिंग गियर एक्सेसरीज के साथ नए बस स्टैंड के सामने, नए मंडपम बिल्डिंग, रायपुर रोड, तिफरा बिलासपुर में शुभारम्भ होने वाली है। साथ ही यदि आप शासकीय कर्मचारी (पुलिस, डॉक्टर्स, टीचर्स एवं बैंक कर्मी आदि ) या आईटी कंपनी के




कर्मचारी हैं तो अपना आईडीकार्ड एवं 3 महीने की लेटेस्ट सैलरी स्लिप दिखा कर सभी प्रीमियम बाइक्स पर 5000 रुपए का कॉर्पोरेट डिस्काउंट का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। टाटा केपिटल, आईडीएफसी, सीएचओएलए एवं एचडीएफसी में कम से कम ब्याज दर 7.99% पर आसान फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है। रक्षा मंत्रालय, थल सेना, जल सेना एवं वायु सेना एवं सभी भारतीय पुलिस के लिए सीएसडी एवं केपीकेबी में भी गाड़ियां उपलब्ध हैं।

# कलेक्टर ने कहा-पात्र मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराएं

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंथन सभाकक्ष में मंगलवार को राइस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने पात्र मिलर्स से अगले तीन दिनों में कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराने कहा है।

- **170 मिलों में से 121 मिलों को कस्टम मिलिंग की पात्रता**

जिले में स्थापित कुल 170 मिलों में से 121 मिलों को कस्टम मिलिंग करने की पात्रता है। राज्य शासन के निर्देश के अनुसार जिन मिलों ने 70 फीसदी या अधिक चावल जमा कर दिए हैं, वे पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बैठक में पिछले साल के नॉन का बकाया चावल भी इस महीने के अंत तक जमा करने के निर्देश दिए। लगभग 13 हजार एमटी चावल जमा करना शेष है। उन्होंने कहा कि एफसीआई से भी जो स्टेक मिला है, उसे 15 दिवस में पूर्ण कर लिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में धान खरीदी शुरू हो चुकी है। फड़ में धान जमा होने शुरू हो गए हैं। इस धान को भी उन्हें कस्टम मिलिंग के लिए जल्दी उठाना होगा। उन्होंने कहा कि राइस मिलर्स भी धान खरीदी प्रक्रिया के महत्वपूर्ण स्टेक होल्डर हैं। शासन की नियमों के अनुरूप समय सीमा में अपने हिस्से के काम को पूर्ण करना होगा। इस दौरान उन्होंने राइस मिलर की समस्याएं भी सुनी और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, डीएमओ अमित चंद्राकर, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल सहित राइस मिलर्स उपस्थित थे।

### सारागांव देवरी स्टेशन को जोड़ा गया चौथी लाइन से

**बिलासपुर।** एसईसीआर के बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेल लाइन परियोजना एक महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में प्रगति पर है। यह व्यस्त रेल मार्ग उत्तर व दक्षिण भारत को जोड़ने वाली प्रमुख कड़ी है, जहां ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में 206 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य में से 155 किलोमीटर से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत सारागांव देवरी रेलवे स्टेशन को भी चौथी रेल लाइन से जोड़ने प्री एनआई एवं एनआई का कार्य किया गया है। कार्य के दौरान दो टर्नआउट हटाकर 4 नए टर्नआउट स्थापित करने के अलावा 1100 मीटर नई रेल लाइन बिछाकर एक अतिरिक्त लूप लाइन का निर्माण, स्टेशन पर अत्याधुनिक सिग्नलिंग एवं इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग प्रणाली स्थापित किए गए।

# बिलासपुर-रायपुर के बीच पैसेंजर कल से रद्द

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के हथबंद से तिल्दा नेवरा सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लाक के कारण बिलासपुर-रायपुर के बीच चलने वाली पैसेंजर और मेमू ट्रेनों का परिचालन रद्द किया जाएगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार रेल क्रासिंग संख्या 394 के स्थान पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण करने के लिए बॉक्स पुशिंग की सुविधा रिलीविंग गर्डरों को लांच करने का कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य को 20 नवम्बर को डाउन लाइन में 3 घंटे 30 मिनट तक, 22 व 23 नवंबर को अप एवं मीडिल लाइन पर 4 घंटे तक किया जाएगा। पावर ब्लाक की वजह से 23 नवंबर को 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 24 नवम्बर को 58206 नेताजी सुभाषचंद्र



बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर, 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। वहीं 20 एवं 23 नवंबर को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में समाप्त करने के बाद गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच, 20 एवं 23 नवंबर को 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान पर बिलासपुर से झारसुगुड़ा के लिए रवाना की जाएगी। इसके कारण ट्रेन गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

# प्रेस क्लब की कार्यकारिणी रद्द कलेक्टर प्रशासक नियुक्त

**बिलासपुर।** प्रेस क्लब बिलासपुर की कार्यकारिणी चुनाव को रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्था द्वारा रद्द करते हुए कलेक्टर को प्रशासक नियुक्त कर दिया गया है। रजिस्ट्रार श्रीमती पदमनी भोई और सब रजिस्ट्रार ज्ञान साहू ने मंगलवार को इस आशय का आदेश जारी किया है। अब कलेक्टर अपनी ओर से किसी प्रशासनिक या राजस्व अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नामित करेंगे, जो पंजीकृत नियमावली के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराएगा। निर्वाचन अधिकारी को चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक सभी शक्तियां प्रदान होंगी। इस आदेश के बाद प्रेस क्लब का चुनाव नए सिरे से होगा। इसमें 2023 की मतदाता सूची के आधार पर ही वोटिंग होगी। नया नामांकन हालांकि नहीं होगा और पूर्व प्रत्याशियों बीच ही मुकाबला होगा।

- **2023 की मतदाता सूची के आधार पर ही फिर से वोटिंग होगी**

ज्ञात हो कि प्रेस क्लब द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 19 सितंबर को मतदान कराया गया था। अब रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संगठन द्वारा वर्ष 1985 से 2025 तक कई वर्षों की वार्षिक विवरणियाँ (धारा 27) और आय-व्यय प्रतिवेदन (धारा 28) जमा नहीं किए गए। अधिनियम उल्लंघन पर 11 सितंबर 2025 को भेजे गए नोटिस का संस्था ने कोई उत्तर नहीं दिया। मतदाता सूची पर आई आपत्तियां अनसुनी की गईं और चुनाव से पूर्व सदस्यों द्वारा दर्ज आपत्तियों का निराकरण नहीं किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने रजिस्ट्रार एवं सहायक पंजीयक बिलासपुर द्वारा भेजे गए पत्रों का संतोषजनक उत्तर नहीं देने के बावजूद अवैधानिक सदस्यों के आधार पर चुनाव कराया गया। इसके साथ ही चुनाव सम्पन्न होने के बाद भी निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया। इन सभी तथ्यों को छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1973 (संशोधित 1998) की धारा 33(ग) के अंतर्गत गंभीर अनियमितता मानते हुए चुनाव को निरस्त किया गया है।



## खबर संक्षेप

### डीएवी जरेली में लगा बाल मेला बच्चों ने लगाए स्टाल



**पथरिया।** डीएवी पब्लिक स्कूल जरेली पेंड्री में बाल दिवस के अवसर पर आनंद मेले के आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जपं अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े एवं विशेष अतिथि के रूप में नपं पथरिया अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, परमानंद साहू तथा जरेली सरपंच देवकी गजानन सिंगरौल रहे। परमानंद साहू ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके सांस्कृतिक भावों को ध्यान में रखते हुए डीएवी विद्यालय हमेशा से अपनी जिम्मेदारीयों का निर्वहन करते आया है। बाल मेले में कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विधार्थियों ने बढ़-चढ कर भाग लिया। मेले में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 12वीं की छात्रा शिखा यादव को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक पुरेंद्र सिंह राजपूत ने आभार व्यक्त करते हुए किया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक उमेश साहू, जयप्रकाश, राजेश कुमार, प्रियंका एंथनी, गीताप्रसाद जायसवाल, यामिनी मरकाम, संजना, ओमकुमारी श्रीवास, उर्वशी साहू, आशुतोष पाण्डेय, गेंदराम साहू, भुनेश्वर कुमार, गुलशन सिंगरौल ,अरमान खंडेलवाल, भगवानदास पटेल, अमितेश दुबे तथा गार्ड अश्वनी निर्मलकर, दीपक बघेल तथा आया रमा निर्मलकर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### डिप्टी सीएम साव ने राजीव गांधी कॉलेज को दिए 72.80 लाख

**लोरमी।** विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा में सुविधाओं में विस्तार के लिए स्थानीय राजीव गांधी महाविद्यालय में स्वीकृत चार कार्यों के लिए 72.80 लाख की राशि प्रदान की। अरुण साव ने कहा कि, कॉलेज में सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए सुविधाएं मिलेंगी। स्वीकृत कार्यों में राजीव गांधी कॉलेज में 21.54 लाख की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण, कॉलेज परिसर में 19.54 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक, कॉलेज परिसर में 12.38 लाख की लगात से हाई मास्क लाइट स्थापना एवं शासकीय कॉलेज में 19.34 लाख की लागत से शेड निर्माण कार्य शामिल हैं। सभी कार्यों के लिए कुल 72 लाख 80 हजार स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यों की सौगात मिलने से कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने अरुण साव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।



### युवा शक्ति मंच पर ताम्रध्वज ने किया राज्य का नेतृत्व



**लोरमी।** हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रीय युवा शक्ति अभ्यास सत्र में ताम्रध्वज कश्यप ने प्रदेश का नेतृत्व किया। ज्ञात हो कि, भारत की राजधानी नई दिल्ली के मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में हुए अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण एवं युवा शक्ति मंच पर ताम्रध्वज ने छत्तीसगढ़ की कमान संभाली और हरिहर क्षेत्र केदार मदकू द्वीप की बातें रखी। उन्होंने बताया कि, उसी जगह पर मांडूक्य ऋषि ने तप कर मांडूक्योनिषद की रचना की। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस ऐतिहासिक स्थल आने का निमंत्रण दिया। दिल्ली में हो रहे अखिल भारतीय पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं युवा शक्ति कार्यक्रम में देश भर से 55 युवाओं ने भाग लिया। सभी ने एक मंच पर एक साथ अनेक मॉडल प्रस्तुत किए और उपयोगी सत्रों में सम्मिलित हुए।

### 12 बच्चों को वितरित किए गए ट्रैक सूट



**लोरमी।** वनमंडल अधिकारी अभिनव कुमार के निर्देशन में कल्याणकारी पहल के तहत बाल गृह में 12 बच्चों को ट्रैक सूट का वितरण किया गया। अभिनव कुमार ने बताया कि, विभागीय दायित्वों के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से बाल गृह के बच्चों के लिए यह वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने भी भविष्य में इसी प्रकार की जनसेवा एवं सहायता गतिविधियां निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए निर्देश

# निर्वाचक नामावली से न छूटे किसी योग्य व्यक्ति का नाम: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत 4 दिसम्बर तक सत्यापन एवं घर-घर गणना कार्य किया जा रहा है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण कर सूची को अद्यतन करना है, ताकि निर्वाचक नामावली में किसी योग्य व्यक्ति का नाम न छूटे तथा किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम न जुड़े।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रगति के संबंध में वर्चुअल बैठक ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष ने एडीएम, एसडीएम तथा निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी बीएलओ को डोर-टू-डोर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने तथा सभी एसडीएम को बीएलओ की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर कार्य को युद्ध स्तर पर करने तथा खराब प्रदर्शन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने नेटवर्क की समस्या वाले क्षेत्रें में चिन्हांकित जगहों में इंटरनेट एवं वाईफाई की उचित व्यवस्था कर डिजिटाइजेशन कार्य में बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया। उन्होंने बेहतर मानिटरिंग सुनिश्चित करने प्रापर प्लानिंग करने सहित अन्य निर्देश दिए।



एसआईआर के संबंध में चर्चा करते अधिकारी।

### कलेक्टर ने ली जिला मूल्यांकन समिति की बैठक

कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025–26 की शेष अवधि के लिए प्रस्तावित नई गाइडलाइन दरों का विस्तृत अध्ययन, मूल्यांकन तथा अंतिम रूप देने से संबंधित विषयों पर व्यापक चर्चा करना रहा। कलेक्टर ने प्रस्तावित गाइडलाइन के विभिन्न बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की।

### लोगों की समस्याएं सुनकर दिए गए निराकरण के निर्देश



जिला कलेक्टोरेट में मंगलवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम बीजातराई के उत्तर साहू ने पशुपालन योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बोधापारा के युवाओं ने खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने, ग्राम बलौदी के कोमल निर्मलकर ने आनलाइन रिकार्ड में सुधार कराने, ग्राम मोतिमपुर की कुमेश्वरी बंजारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बीजातराई के शिवप्रसाद गबेल ने अपनी जमीन की पर्ची दिलाने, ग्राम घुडूकापा के दरबारी लाल साहू ने नल-जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल दिलाने की मांग की।




# रानी बछाली स्कूल में लगा बाल मेला

**रतनपुर।** रानी बछाली स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया।

मेले में बच्चों की रुचि के अनुरूप विभिन्न आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिसमें गुपचुप, भेलपुरी, गरम पूरी, भजिया, समोसे, पोहे आदि के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अतिरिक्त बच्चों ने मौसमी फल जैसे अमरूद, सीताफल, मूंगफली तथा स्पेशल चॉकलेट, मुगलानी लड्डू, मुलानी पापड़ी, मूंगफली लड्डू आदि के स्टॉल भी सजाए। बच्चों ने इन सभी स्टालों पर उत्साहपूर्वक खरीददारी की और विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। बच्चों के मनोरंजन के लिए शानदार साउंड सिस्टम की व्यवस्था भी की गई थी, जिसकी धुन पर बच्चे नाचते-गाते रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन एसएमसी अध्यक्ष आकांक्षा कश्यप ने किया। प्रधान पाठक श्री कश्यप ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, पढ़ाई के साथ समाज के विभिन्न आयामों को समझना भी आवश्यक है। मेले का आयोजन सामाजिक शिक्षण का एक महत्वपूर्ण अंग है। मेले को सफल बनाने में प्रधान पाठक शुकदेव कश्यप, गिरधारी लाल लश्कर, अर्चना सोनी, सृष्टि सोनी, रोजगार सहायक श्रवण यादव, अतिथि शिक्षक विकास यादव, ममता कौशिक, उमाशंकर तिवारी, रसोईया गीतांजलि तिवारी, धर्मिन यादव, कलेशिया शुकवारा यादव, संत सिंह मरावी, विश्वनाथ श्रीवास सहित सभी छात्र-छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन अवसर पर प्राथमिक शाला रानीबछली के प्रधान पाठक गिरधारी लाल ने आभार व्यक्त किया।

# जीवन में समय और अवसर बार-बार नहीं मिलते

**मुंगेली।** विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने तथा स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग, लक्ष्य निर्धारण और अनुशासन की महत्ता पर मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जीवन में समय और अवसर बार-बार नहीं मिलते। अभी का समय अध्ययन और व्यक्तित्व निर्माण का है, जिसे किसी भी स्थिति में व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग और नशे से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि, कठिन परिश्रम ही सफलता की असली कुंजी है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने छात्रें और उपस्थित लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने तथा समाज में अन्य लोगों को भी नशामुक्ति हेतु प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि, युवा पीढ़ी ही राष्ट्र का भविष्य है और उन्हें स्वस्थ व नशामुक्त रहकर देश निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नदीम काजी, प्राचार्य डॉ आईपी यादव और स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।



आत्मानंद स्कूल में नशामुक्ति कार्यक्रम



### नशा मुक्ति अभियान के तहत जनजागरुकता कार्यक्रम

**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत कोटा में नशा मुक्ति अभियान के तहत जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिसमें नगर पंचायत के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन ने नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ ली। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि, नशा व्यक्तिगत जीवन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के विकास में बाधा उत्पंन करता है। इसलिए सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे स्वयं नशा न करें, और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में मुख्य नपं अधिकारी, सेप्टिक टैंक सहकर्मी, सफाई कर्मी तथा कार्यालयीन स्टाफ सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उपस्थित सभी कर्मचारियों ने समाज हित में नशा मुक्त वातावरण तैयार करने का संकल्प लिया। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी राहुल यादव ने बताया कि, आगे भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर आम लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा।

# अग्रसेन कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी की अध्यक्षता में यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ त्रिपाठी ने नशे की प्रवृत्ति से उत्पन्न शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने और स्वस्थ समाज निर्माण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी प्रो एसके अग्रवाल एवं एनएसएस प्रभारी प्रो खगेश पटेल ने नशे के दुष्प्रभावों, परिवार व करियर पर इसके नकारात्मक असर तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन प्रो रूपेन्द्र साहू ने किया।

इस दौरान महाविद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति संकल्प लिया। परिसर में नशामुक्ति विषयक पोस्टर एवं बैनर प्रदर्शित कर व्यापक जागरूकता का प्रसार किया गया। कार्यक्रम में प्रो एमआर. आगर, प्रो आरपी, शर्मा, प्रो संजय भजनकर, प्रो आईबीएस कंवर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रो एसके अग्रवाल ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।




# आदिवासी नेता पोर्ते को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



पेंड्रा स्थित डॉ. भंवर सिंह पोर्ते कॉलेज में मनाई गई पुण्यतिथि, किए गए याद

**पेंड्रा।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री, कद्दावर आदिवासी नेता और सामाजिक उत्थान के प्रतीक स्वर्गीय डॉ. भंवर सिंह पोर्ते की 32वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को पेंड्रा स्थित डॉ. भंवर सिंह पोर्ते कॉलेज में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में परिजन, समर्थक, समाजजन और क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने उनके जीवन, संघर्ष और समाज के अंतिम पंक्ति तक के लोगों के कल्याण हेतु किए गए कार्यों का स्मरण किया। इस अवसर पर उनकी बेटी एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य अर्चना पोर्ते भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में पिता के सिद्धांतों, विचारों और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी ने भी उन्हें याद करते हुए अपने विचार साझा किये। नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और उन्होंने भी डॉ. पोर्ते की स्मृति को नमन किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल सिंह, मोती चंद जैन, ओमप्रकाश बंका, शंकर कंवर, संतोष ठाकुर, सोनल जैन, अमित पाठक सहित अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

# मुख्य मार्गों से मांस की दुकानें हटाने कलेक्टर से शिकायत

**मल्हार।** धार्मिक नगरी मल्हार के मुख्य मार्गों पर खुलेआम चल रही चिकन मटन की दुकानों को हटाए जाने की गुहार कलेक्टर के जनदर्शन में मंगलवार को लगाई गई। लोगों का मानना है कि, चिकन मटन सहित सुअर के मांस की बिक्री होना धार्मिक नगरी के अनुरूप नहीं है। साथ ही इससे गंदगी भी हो रही है, इसलिए प्रशासन से इन दुकानों को बंद कराने अथवा दूसरे जगह शिफ्ट कराने मांग की गई है। मंगलवार को नगर के युवा संजीव त्रिपाठी ने जनदर्शन में कलेक्टर को लिखित रूप से शिकायत की, जिसमें नगर के मुख्य मार्ग व प्राचीन स्मारकों के आसपास खुलेआम मांस बिक्री का उल्लेख करते हुए इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की। बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग में देउर मंदिर का प्राचीन स्मारक व पीडब्लूडी का विश्राम गृह है, जहां पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। इसके सामने में ही मांस बिक्री हो रही है, जिसके चलते गंदगी फैल रही है। इसी तरह प्रवेश द्वार के पहले भी चिकन दुकान व शराबियों के जमावड़े के कारण यह जगह भी संवेदनशील हो गई है। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने कई बार इनके खिलाफ कार्रवाई की, लेकिन कुछ दिन बाद ये दुकानें फिर से खुल जाती हैं। लोगों को कहना है कि, इन दुकानों के लिए मुख्य मार्ग को छोड़कर एक निश्चित स्थान सुनिश्चित किया जाए, जहां दुकानें लगाई जा सकें।



# शिक्षा विभाग बना वॉलीबॉल चैंपियन

ब्लैक बोर्ड शिक्षक टीम ने जीता खिताब, व्यायाम शिक्षक संघ उपविजेता



**पेंड्रा।** शिक्षक मैत्री समूह और जिला वॉलीबॉल संघ, जीपीएम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विभागीय वॉलीबॉल लीग का रविवार को समापन हुआ।

हाई स्कूल मैदान में संपन्न इस प्रतियोगिता में जिले के स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पुलिस विभाग, व्यायाम शिक्षक, शिक्षक संघ तथा ब्लैक बोर्ड शिक्षक विभाग समेत 6 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मुकाबले में ब्लैक बोर्ड शिक्षक (जीपीएम) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यायाम शिक्षक संघ को सीधे दो सेटों में पराजित कर चैंपियन का ताज अपने नाम किया। व्यायाम शिक्षक संघ उपविजेता रहा। इस दौरान वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ी रविंद्र छाबरिया एवं विद्याचरण शुक्ल को लाइफ टाइम अचीवमेंट ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजा उपेंद्र सिंह (उपाध्यक्ष, जिला पंचायत जीपीएम), राकेश जालान (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पेंड्रा), शरद गुप्ता, दीपक मिश्रा (एसडीओ), राकेश चतुर्वेदी एवं नीरज जैन (उपाध्यक्ष, भाजपा), मनीष श्रीवास, कुलदीप शुक्ला, देवी सिंह, दुर्गेश बिसेन, मुकेश विश्वकर्मा, टिकादास मराबी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, शिक्षक मैत्री समूह एवं वॉलीबॉल संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला सीनियर बॉक्सिंग चयन प्रतियोगिता संपन्न

**लोरमी।** जिला एमेच्योर संघ के तत्वावधान में जिला सीनियर बॉक्सिंग पुरूष, महिला चयन प्रतियोगिता का आयोजन 16 नवम्बर को विकासखंड खेल केंद्र किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सूर्यकांत शर्मा वरिष्ठ सदस्य जिला एमेच्योर बॉक्सिंग संघ,विशिष्ट अतिथि विनोद रायसागर पूर्व राष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी,आयोजक प्रमुख सुबोध कुमार सिंह, सचिव जिला एमेच्योर बॉक्सिंग संघ एवं प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक मुकेश सिंह राठौर, ऑफिसियल के रूप में राजेश पटले, अमन मिरी , हिमेश कुमार रहे। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में 47 से 50 किलोग्राम वजन में राहुल कुमार साकत 50 से 55 किलोग्राम वजन में निलेश कुमार 55 से 60 किलोग्राम वजन में ओमकुमार 60 से 65 किलोग्राम वजन में सूर्या 65 से 70 किलोग्राम वजन में शिवनारायण 75 से 80 किलोग्राम वजन में आकाश दिवाकर 80 से 85 किलोग्राम वजन में आशुतोष उपाध्याय एवं महिला वर्ग में 60 से 65 किलोग्राम वजन में निलिमा रात्रे का चयन किया गया। प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को मैडल एवं प्रमाण पत्र दिया गया।सभी चयनित खिलाडी राज्य सीनियर पुरूष-महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप भिलाई में 11 से 13 दिसम्बर तक आयोजित प्रतियोगिता में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### डीएमएफ कार्यों में फंड का दुरुपयोग व अनियमितता

# 52 लाख का गढ़ कलेवा बंद, स्ट्रीट लाइट भी खराब



बंद पड़ी सोलर स्ट्रीट लाइट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में 2023-24 में हुए डीएमएफ कार्यो को फंड के दुरुपयोग और घोटाले के कई मामले सामने आ रहे है। इनमें से अधिकांश कामों मे अनियमितता पाई गई है। ग्राम पंचायत रामगढ़ में जिला चिकित्सालय पहुंच मार्ग में लगभग 50 नग हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाइट की स्वीकृति हुई थी, जिनमें अधिकांश बंद पड़ी हुई हैं। इसी तरह से करही ग्राम पंचायत में 52 लाख की लागत से निर्मित गढ़कलेवा खोला गया था, जो बंद पड़ा हुआ है। बसे बड़ी बात यह हैं कि, जिले के बंद हो चुके गढ़ कलेवा में 12 लाख रुपए का विद्युतीकरण का कार्य हुआ हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश की संस्कृति और पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में मुंगेली के ग्राम करही में गढ़ कलेवा खोला गया था, जो वर्तमान में बंद पड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत रामगढ़ में जिला चिकित्सालय पहुंच मार्ग पर लगभग 50 नग हाईब्रिड सोलर स्ट्रीट लाईट की 7 सितम्बर 2023 को हुई थी, जिसके लिए 28 लाख 50 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली थी, लेकिन अनमें से अधिकांश बंद पड़े हैं। न्यास की राशि का उपयोग उन कार्यों में किया गया है, जो डीएमएफ के मूल उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण आदि से सीधे तौर पर जुड़े नहीं हैं। आरोप है कि, कुछ खास ठेकेदारों और फर्मों को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई, और काम की गुणवत्ता खराब होने के बावजूद पूरा भुगतान कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कई महत्वपूर्ण कार्य जिनके लिए डीएमएफ से राशि आवंटित की गई थी, या तो शुरू ही नहीं हुए या अधूरे पड़े हैं।, जबकि रिकॉर्ड में उन्हें पूरा दिखाया गया है। विपक्षी दलों ने इस मामले में उच्च–स्तरीय जांच की मांग की है। विपक्ष के कांग्रेस नेता संजीत बनर्जी का कहना है कि, यह गरीबों और आदिवासियों के हक पर सीधा डाका है। इसमें शामिल उच्च अधिकारियों व राजनीतिक व्यक्तियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए।



# दुल्हन, मारवाड़ी, भरवा, डिजाइनर मेहंदी से रचे हाथ

**साइंस कालेज मैदान में चल रहे स्वदेशी मेले में पांचवें दिन मंगलवार को मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें भारी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लेकर दूल्हन, मारवाड़ी, भरवा सहित कई अन्य डिजायनर मेहंदी लगाई। बारिकी व सफाई से लगाई गई मेहंदी में प्रतिभागियों की कला प्रतिभा साफ झलक रही थी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रतियोगिता प्रभारी किरण मेहता, मीना गोस्वामी, दीप्ति बाजपेयी, प्रतिभा शर्मा, चंदना गोस्वामी, लता गुप्ता, किरण सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि मेहंदी प्रतियोगिता दो वर्गो में आयोजित की गई। अ और ब दोनों वर्ग की प्रतिभागियों को मेहंदी लगाने 1-1 घंटे का समय दिया गया। वर्ग अ में 10 से 17 वर्ष एवं वर्ग ब 17 वर्ष से अधिक की महिलाओं, युवतियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि मेहंदी भरवा स्टाईल में लगानी थी, इसलिए प्रायः सभी प्रतिभागियों ने भरवा स्टाइल में अलग-अलग तरह की मेहंदी लगाई। निर्णायक रामानी पाण्डेय, रश्मि शुक्ला, रोशनी रजक ने प्रतिभागियों द्वारा लगाई गई मेहंदी का अवलोकन कर उत्कृष्टता के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान दिया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे।





स्वदेशी मेले में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में उमड़ी प्रतिभागियों की भीड़

**मेहंदी में सुरभि गाय :** सरकंडा की प्रतिभागी श्रुति ठाकुर ने भरवा मेहंदी के बीच एक सुरभि गाय बनाई। इसे बनाने के उद्देश्य के संबंध में उन्होंने बताया कि वे भगवान श्रीकृष्ण के प्रति काफी श्रद्धा रखती है, इसलिए उसे मेहंदी के बीच में सुरभि गाय बनाने की बात सूझी और बना दी। श्रुति सभी तरह की मेहंदी लगाने में माहिर है।

### छात्राओं ने निभाई सहभागिता

कन्या शाला सरकंडा की 5 छात्राओं की टीम ने भी भाग लेकर आकर्षक मेहंदी लगाई। इन बालिकाओं ने भी अलग-अलग डिजाइन में भरवा मेहंदी लगाई। जिसे सभी ने पसंद किया।



### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर अरूणा दीक्षित, रीता बरसैया, नीता केशरवानी, पुष्पिका गोस्वामी, प्रीति पानसे, जया धर, अर्चना कर्डेकर, रागिनी जोशी, संगीता, प्रिया रेड्डी, निहारिका त्रिपाठी, मनीषा मिश्रा, प्रभा बाजपेयी, कविता वर्मा, लोकेश्वरी राठौर, संध्या सिंह, प्रतिभा शर्मा, चंचल, आशा निर्मलकर, कविता वर्मा की उपस्थिति रही।



### विभिन्न समाज के बच्चों ने दी नृत्य की प्रस्तुति

रात्रि में सामाजिक समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न समाज से आए कलाकारों ने अपने-अपने समाज की पारंपरिक वेशभूषा में समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। सिख समाज सेंट्रल गुरुद्वारा ने शबद कीर्तन के माध्यम से कार्यक्रम शुरू किया। सिंधी समाज, मराठी समाज, बंगाली समाज, कुशवाहा समाज, आंध्र (तेलगु) समाज के साथ ही छत्तीसगढ़ के बूढादेव, करमा ग्रुप व कौस्तुभी महापात्रा ने अपनी प्रस्तुति देकर लोगो का मन मोह लिया। सिख समाज के बच्चों ने गतका की प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन युगल शर्मा ने किया। इस मौके पर मेला संयोजक गुलशन ऋषि, सह संयोजक डॉ देवेन्द्र कौशिक, दीप्ति बाजपेयी, ज्योतिद्र उपाध्याय, सीबीएमडी के महाप्रबंधक सुब्रत चाकी, डॉ सुशील श्रीवास्तव संभागीय संयोजक स्वदेशी जागरण मंच, प्रवीण झा, डॉ नीता श्रीवास्तव, नारायण गोस्वामी, सौमित्र गुप्ता, जीआर जगत, धीरेन्द्र केसरवानी, जूही वर्मा, भृगु अवस्थी, तुषार पानसे, गौरव मानिकपुरी, शोभा कश्यप, श्याम साहू, रूपाली गुप्ता, देवेश खत्री, चानी ऐरी, रौशन सिंह उपस्थित थे।

समारोह

## कलाकारों ने दी ने वायलीन वादन, गायन की प्रस्तुति



**बिलासपुर।** भातखंडे संगीत महाविद्यालय की हीरक जयंती पर तीन दिवसीय संगीत अनुष्ठान आयोजित किया गया। इसमें कई नामी कलाकारों ने शिरकत कर वायलीन वादन एवं गायन की प्रस्तुति दी। समारोह के उदघाटन अवसर पर इंदिरा कला संगीत महाविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति प्रो. डॉ लवली शर्मा, विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, क्रेडाई अध्यक्ष सुशील पटेरिया उपस्थित थे। इसी दिन की संगीत अनुष्ठान में अथर्व भालेराव एवं अनिरूद्ध देशपाण्डे ने वायलीन व गायन की प्रस्तुति दी। तबले पर स्थानीय कलाकार राजेश भौदेकर एवं हारमोनियम पर निलय साठवी ने संगति दी। द्वितीय सत्र के अनुष्ठान में मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, सुंदरलाल शर्मा विश्व विद्यालय के कुलपति व्हीके सारस्वत, महापौर पूजा विधानी थे। इस दिन सुश्री अवि कोटाल मुंबई ने गायन पेश किया। हारमोनियम पर निलय साठवे मुंबई व तबले पर देवेंद्र श्रीवास बिलासपुर ने संगति दी। तृतीय सत्र के मुख्य अतिथि अटल बिहारी विश्व विद्यालय के कुलपति प्रो. एडीएन बाजपेयी, सीवी रामन-विश्वविद्यालय के कुलपति प्रदीप कुमार घोष एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ देवेंद्र सिंह थे। इस सत्र में यशवंत वैष्णव के तबले ने श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। आदित्य मोडक मुंबई ने शास्त्रीय गायन किया। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव विप्लव चक्रवर्ती, शिक्षक, विद्यार्थी सहित कला प्रेमी उपस्थित थे।

भ्रमण

## वंदे मातरम मित्र मंडल के सदस्य तवांग तीर्थ यात्रा के लिए रवाना




**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल का 14 सदस्यीय दल मंगलवार को तवांग तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए। वे लोग बुधवार 19 नवंबर को प्रातः तीर्थ यात्री गुवाहाटी में मां कामाख्या का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे एवं गुरुवार 20 नवंबर को सुबह टेम्पो ट्रैक्स द्वारा तवांग के लिए रवाना होंगे। राजीव नयन शर्मा के नेतृत्व में जा रही 14 सदस्यीय टीम के जयप्रकाश लाल, के सांई बाबा, रामकुमार वस्त्रकार, अरुण जैन, हरि सिंह राजपूत, दिनेश जैन, रमेश अग्रवाल, अनूप मुखोपाध्याय, प्रभाष जैन, शंभु नाथ गुप्ता, संध्या शर्मा, सुनीता लाल, रोहिणी वस्त्रकार को राजीव गांधी चौक पर केसरिया अंग वस्त्र प्रदान कर, टीका लगा व मिठाई खिलाकर महेन्द्र जैन, जय सिंह चंदेल, बालगोविंद अग्रवाल, पीपी सोनी, प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्णिमा पिल्ले, निवास राव ने विदा किया।

**मार्ग शीर्ष माह में होती है आयोजित :** तवांग तीर्थ यात्रा भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा प्रतिवर्ष मार्ग शीर्ष माह में आयोजित की जाती है। यह उनकी 14 वीं यात्रा है, जो संस्कृति, श्रद्धा एवं राष्ट्र भक्ति की परिचायक है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत तिब्बत सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण, सीमा जागरूकता और देश भक्ति की भावना को मजबूत बनाना है। यह यात्रा धार्मिक, आध्यात्मिक और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत अभियान के रूप में पूरे भारत में प्रसिद्ध हो चुकी है।

## जीवन यात्रा को देखें आध्यात्मिक दृष्टि से : कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ट्रांसपोर्ट विंग द्वारा बिलासपुर के शिव अनुराग भवन में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की स्मृति में विश्व यादगार दिवस के अवसर पर आयोजित सुहाना सफर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता बी.के. कविता दीदी ने जीवन यात्रा को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से देखने की प्रेरणा दी।मुंबई से आईं और ट्रांसपोर्ट एंड ट्रैवल विंग की नेशनल को-ऑर्डिनेटर बी.के. कविता दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि लोग भले कहते हैं कि जिंदगी एक सफर है सुहाना, यहां कल क्या हो? किसने जाना? लेकिन चूंकि भविष्य में परमात्मा द्वारा एक नई दुनिया की स्थापना का दिव्य कर्तव्य किया जा रहा है, हम अनुभव करते हैं कि यहां कल क्या हो, यह हमने जाना। उन्होंने कहा कि जब मन के विचारों का ट्रैफिक बहुत बढ़ जाता है, तब दुर्घटनाएं होती है। न केवल सड़कों पर, बल्कि शब्दों के माध्यम से भी रिश्तों में दूरियां आती हैं। उन्होंने प्रेरणा दी कि हमें अपने कर्मों को श्रेष्ठ बनाना है, ताकि हम अपने भाग्य के निर्माता बन सकें और कल एक श्रेष्ठ भारत का

### आध्यात्मिकता के लिए निकालें समय

रेलवे पुलिस महानिरीक्षक मुनववर खुर्शीद ने वर्दीधारी कर्मचारियों की 24 घंटे की सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल रोज 2 करोड़ 40 लाख लोगों को सफर कराती है। उन्होंने कहा कि सेफ ड्राइविंग लेन ड्राइविंग इज सेव ड्राइविंग और हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि घर पर कोई हमारा इंतजार कर रहा है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में आईजी, रेलवे पुलिस, रेलवे, बिलासपुर के मुनव्वर खुर्शीद, रायपुर के एडिशनल कलेक्टर हर्ष पाठक, महायोग पीठधारा के आचार्य मनोहर भंडारी आदि उपस्थित थे।




## युवाओं ने लिया नशा मुक्त समाज का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जेपी वर्मा कॉलेज में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों और सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय सूर्यवंशी ने कहा कि जागरूकता के माध्यम से ही स्थायी बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने पंचायत स्तर पर ऐसे अभियानों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कर रहीं महापौर पूजा विधानी ने कहा कि एक नशामुक्त समाज से ही स्वस्थ और प्रगतिशील शहर की नींव बन सकता है। अति विशिष्ट अतिथि बीके स्वाति दीदी ने आध्यात्मिक शक्ति, आत्म-सम्मान और जीवन-मूल्यों की महत्ता पर जोर दिया और कहा कि नशा तब जन्म लेता है जब मन कमजोर पड़ता है। यदि व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मकता, आत्म-संयम और दिव्य भावनाओं को जागृत रखे, तो नशे से स्वाभाविक रूप से दूरी बनी रहती है। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री निराला ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों में भी मार्गदर्शन देती है। उन्होंने कॉलेज परिसर को पूरी तरह नशा मुक्त रखने की पहल को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। समाज कल्याण विभाग के टी. पी. भावे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नशा मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग के प्रशांत मोकाशे ने किया।



### नशे को फैशन समझने की न करें भूल

अति विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने कहा कि प्रशासन नशा उन्मूलन की दिशा में लगातार कड़े कदम उठा रहा है, परंतु समाज की सक्रिय भागीदारी के बिना यह प्रयास अधूरा है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे नशे को फैशन समझने की भूल न करें और स्वयं भी नशा मुक्त रहने का संकल्प लें। साथ ही अपने मित्रों को भी सही दिशा दिखाएं।

## डीपीएस अंतर सदनीय कविता पाठ स्पर्धा में बच्चों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिल्ली पब्लिक स्कूल के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा आयोजित अंतर सदनीय हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधि करने से छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है। तथा आनंदपूर्वक शिक्षा ग्रहण करते हैं । नन्हे मुन्ने बच्चों ने अनेक शिक्षाप्रद कविता सुनाई। कविता सुनाते हुए बच्चे अपने भाव भंगिमा के साथ गायन किए। अपनी भव्य प्रस्तुति से बच्चों ने सबका मन मोह लिया। नन्हे मुन्ने बच्चों की भाव भंगिमा के साथ प्रस्तुति देखकर सब आनंदित हो उठे। जिसमें निर्णायक की भूमिका ममता शुक्ला एवं कमोद जैन थीं। विषय था ही ऐसा की जिसमें पर्वत, नदी सबका उल्लेख बहुत आनंद पूर्वक किया गया। बच्चों के हर्षो उल्लास भारी भागीदारी के लिए खूब बधाई। शाला के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ एवं प्रशासनिक अधिकारी आर. सी मोहती ने छात्र-छात्राओं की भूरि -भूरि प्रशंसा की तथा उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।




आयोजन

## राष्ट्रवीर दुर्गादास की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर



**बिलासपुर।** क्षत्रिय राठौर समाज कल्याण समिति द्वारा राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की पुण्यतिथि पर 23 नवंबर को भव्य रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। प्रांत स्तरीय सामाजिक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा कार्य के रूप में रक्तदान शिविर लगाया जाए। इस आयोजन में बिलासपुर की महापौर पूजा विधानी मुख्य अतिथि होंगी। समिति ने जानकारी दी कि 23 नवंबर, रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर बाल उद्यान एवं सामुदायिक भवन, राजकिशोर नगर, बिलासपुर में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना,स्वास्थ्य जांच और परामर्श के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना,समाज में स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता लाना अब तक 60–70 लोगों ने रक्तदान हेतु पंजीयन करा लिया है।

## भैरव जयंती महोत्सव: आयुर्वेदिक शिविर में 152 लोगों की जांच

**बिलासपुर/रतनपुर।** श्री सिद्धतंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर में चल रहे नव दिवसीय भैरव जयंती महोत्सव मंगलवार को सेवा और भक्ति के रंग में डूबा दिखाई दिया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। कोई अपनी जांच कराने आया था, तो कोई भगवान के विशेष अनुष्ठान में शामिल होने की तैयारी में। महोत्सव का समापन 19 नवंबर को 151 कन्याओं और ब्राह्मणों के पूजन तथा महाभंडारे के साथ होगा।

चार घंटे चले आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में 152 लोगों की जांच- सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले निःशुल्क आयुर्वेदिक शिविर का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिर लखराम की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि जितपुरे के नेतृत्व में किया गया। शिविर में दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं और ग्रामीणों का रक्तचाप, ब्लड शुगर और आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए त्रिकटु काढ़ा भी वितरित किया गया। दिनभर चले इस शिविर में कुल 152 लोगों ने चिकित्सा परामर्श लेकर लाभ प्राप्त किया।

### अंतिम दिन कन्या–ब्राह्मण पूजन और महाभंडारा



### दो लाख से ज्यादा आहुतियां

इस बार भैरव जयंती में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और उनकी भावना देखते ही बन रही है। यज्ञ में आहुति की संख्या दो लाख के पार जाना यह दर्शाता है कि भैरव बाबा के प्रति लोगों की आस्था कितनी मजबूत है। अंतिम दिन 151 कन्याओं और ब्राह्मणों का पूजन और महाभंडारा परंपरागत रीति के साथ कार्यक्रम का सपन्न होगा। 19 नवंबर को महोत्सव का समापन होगा, जिसमें 151 कन्याओं और ब्राह्मणों का पूजन किया जाएगा और इसके पश्चात विशाल महाभंडारा आयोजित होगा।

### सहस्त्र अर्चन का दिव्य आयोजन

इस अवसर पर भगवान शिव का पावन सहस्त्र अर्चन अनुष्ठान विधिवत सम्पन्न हुआ। भक्तों ने परंपरागत विधि से एक हजार बेलपत्र, एक हजार फल, एक हजार फूल और एक हजार द्रव्य (सिक्के) भगवान शिव को अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कीं। पूरे अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार की गूंज बनी रही, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। महोत्सव को सफल बनाने में जुटे रहे। महोत्सव को सफल बनाने में मंदिर प्रबंधन के सदस्य दिलीप दुबे, पं. महेश्वर पांडेय, पं. राजेंद्र दुबे, पं. कान्हा तिवारी, विक्की, राजेशावर मिश्रा, अवस्थी और सोनू तंबोली की सक्रिय भूमिका रही।

**कार्यालय प्राचार्य**
**डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)**
Approved from BCI, Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)
https://dpvipralawcollege.ac.in - Email - dpvlawprincipal@yahoo.com
PH. No.-9926165945, 9926138734

पत्र कमांक. 191./2025 बिलासपुर, दिनांक- 18/11/2025

डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय अशोक नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर में विश्वविद्यालय परिनियम-28 के प्रावधानानुसार प्राचार्य पद के लिये निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| | |
|---|---|
| 01 | प्राचार्य - 01 पद |

**योग्यता - यू.जी.सी.के विनियम 2018 के द्वारा निर्धारित।**
01. विधि विषय में पी.एच.डी.
02. प्राध्यापक/सह-प्राध्यापक (विधि) के रूप में विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/उच्च शिक्षा संस्थान में शिक्षकीय कार्य/शोधकार्य करने का कुल 15 वर्षो का अनुभव।
03. यू.जी.सी. के द्वारा मान्यता प्राप्त शोध पत्रिकाओं में न्यूनतम 10 शोध पत्रों का प्रकाशन।
04. यूजीसी विनियम 2018 के परिशिष्ट II सारिणी 2 के अनुसार 110 शोध प्राप्तांका

**वेतनमान्** - यू.जी.सी. वेतनमान् के तहत मूल वेतन एवं प्रबंध समिति द्वारा अनुशंषित अन्य भत्ते ।

**नोट** - 01- केवल योग्यता प्राप्त उम्मीदवार ही आवेदन करें।
02- आवेदन पत्र पूर्ण जानकारी सहित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 10 दिवस के भीतर अध्यक्ष प्रशासन समिति डी.पी. विप्र विधि महाविद्यालय, अशोक नगर बिलासपुर (छत्तीसगढ़) को भेजा जा सकेगा। आवेदन पत्र रजिस्ट्रर्ड डाक द्वारा अथवा महाविद्यालय के ई-मेल एड्रेस (dpvlawprincipal@yahoo.com) के द्वारा भी स्वीकार्य होंगे।

**अध्यक्ष**
**प्रशासन समिति,**
**डीपी. विप्र विधि महावि.**

## खबर संक्षेप

### अंशकालीन शिक्षक भर्ती हेतु दावा-आपत्ति 21 तक

**मुंगेली।** जिले के पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालीन योग, खेल शिक्षक और अंशकालीन संगीत प्रशिक्षक के पद पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति 21 नवंबर तक आमंत्रित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि, सूची सहित अन्य जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय शिक्षा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

### कांग्रेस नेता, विधायक बनाए जाएंगे बीएलए टू

**बिलासपुर।** कांग्रेस पार्टी द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के एसआईआर के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बीएलए नियुक्त किया गया है। इसके बाद अब कांग्रेस नेताओं और विधायकों आदि जनप्रतिनिधियों को भी बीएलए टू बनाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को बीएलए टू बनाए जाने का निर्देश जिला व शहर कांग्रेस कमेटियों को दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देश पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को उनके निवासरत मतदान केन्द्रों में बीएलए टू के रूप में नियुक्त किया जाएगा। इसमें कांग्रेस के सभी विधायक, एआईसीसी, पीसीसी पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सांसद प्रत्याशी, विधायक प्रत्याशी, जिला व शहर कार्यकारिणी सदस्य, पूर्व निगम, आयोग, बोर्ड, मंडल, पूर्व महापौर, पूर्व सभापति, अपैक्स बैंक, जिला सहकारी बैंक के पूर्व पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सोशल मीडिया, आईटी सेल, नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ सहित सभी अनुषांगिक संगठन के पदाधिकारी सहित वरिष्ठ कांग्रेसजनों को बीएलए टू बनाना है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय और जिला ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि एसआईआर लागू होने से मतदाता सूची नए सिरे से बनाई जा रही है, जिससे नाम जोड़ने के तीन वर्ग है।

## निधन

### रेणु सिन्हा

**बिलासपुर।** एटमॉस्फेयर अपार्टमेंट के पीछे, राजीव विहार कॉलोनी गली नं. 3, लिंगियाडीह निवासी रेणु सिन्हा का 18 नवंबर को निधन हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा 19 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। वे वे दिलीप कुमार सिन्हा की पत्नी, अनुकूल सिन्हा, निमिषा सिन्हा की मां थीं।

### कमला उइके

**बिलासपुर।** अशोक नगर सरकंडा निवासी कमला उइके का 49 वर्ष की आयु में 18 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 नवंबर को कोरबी में होगा। वे उदयभान सिंह उइके के पत्नी व गौरव उइके की मां थीं।



### जाफर भाई कपासी

**तखतपुर।** वार्ड 9 निवासी जाफर भाई कपासी का 70 वर्ष की आयु में 18 नवम्बर को निधन हो गया। वे अली हुसैन भाई कपासी, जाकिर भाई कपासी के बड़े भाई थे। इनका अंतिम संस्कार दाऊदी बोहरा कब्रिस्तान तखतपुर में किया गया।



## अलाव का सहारा ले रहे नागरिक, रात में घर से बाहर निकलना मुश्किल

# असर दिखाने लगी ठंड, बदली लोगों की दिनचर्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में मौसम के करवट बदलते ही लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ गया है जिसके चलते जन सामान्य पर मौसम का व्यापक असर पड़ा है। लोग अब ठंड के कारण सुबह देरी से जाग रहे हैं वहीं लोगों की दिनचर्या पर भी इसका असर पड़ा है। ठण्ड की गति बढ़ने के साथ ही अब सुबह की धूप सुहानी लगने लगी है। ठण्ड से बचने के लिये लोग दिन में शाल, स्वेटर के साथ ही रात्रि में अलाव जलाने के लिए मजबूर हो गये है।

मौसम खुलने के साथ ही सुबह से ठण्ड का पारा नीचे चला गया है। जिससे शहरी क्षेत्रें के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रें में सूर्योदय होने के काफी देर बाद लोग सड़कों पर नजर आते है। शाम ढ़लते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा हैं। इस दौरान बस स्टैण्ड, पड़ाव चौक, दाऊपारा, गोलबाजार चौक जैसे सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाकर बैठे लोगों को देखा जा सकता हैं। आने वाले समय में और भी तेज ठंड के असर का सामना लोगों को करना पड़ सकता है।



ठण्ड में अलाव का मजा लेते नागरिक।

उल्लेखनीय है कि नवम्बर के महीने में सबसे अधिक ठण्ड रहता है जो जनवरी के पहले पखवाड़े तक ठण्ड का असर बना रहता है। इस वर्ष बारिश का मौसम बीतने के बाद बारिश की गतिविधियां पूरी तरह थम गई थी इस कारण नवम्बर महीने के मध्य से ही ठण्ड का असर दिखाई दे रहा है। ठण्ड की गति बढ़ने के साथ ही अब सुबह की धूप सुहानी लगने लगी है। यही कारण है कि सुबह होने के साथ ही लोग धूप का आनंद लेते दिखाई देते है। बढ़ रही ठण्ड के चलते दोपहर के समय में भी धूप सुहानी लगती है। वही लोग ठण्ड से बचने के लिये शाम ढ़लने के साथ ही अलाव का सहारा लेने लगे है।

### गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी

शहरी क्षेत्रें में जहां लोग ठंड से बचने के लिए शाल, स्वेटर का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में आज भी लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की जुगत करते हैं अभी हाल ही में हुई बारिश के बाद से ठंड का कहर निरंतर बढ़ता जा रहा हैं। जिसके चलते शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी इसका व्यापक असर देखा जा रहा हैं। बढ़ती ठंड के साथ स्कूलों में भी बच्चों की दिनचर्या पर खासा प्रभाव पड़ रहा हैं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए अभिभावक स्वेटर, मफलर, टोप लगाकर स्कूल भेज रहे हैं। सभी निजी विद्यालय के मापदंड के अलग–अलग रंग के स्वेटर व कोट होते हैं जिन्हें पहनकर बच्चें स्कूल आ रहे हैं।



## शराब के नशे में स्कूल पहुंचा प्रधानपाठक, निलंबित

**सरगांव।** संकुल मर्राकोना की शासकीय प्राथमिक शाला हथकेरा से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जिसने शिक्षा जगत को हिलाकर रख दिया। विद्यालय के प्रधानपाठक जनकराम ध्रुव को उनके कार्य स्थल पर शराब के नशे में उपस्थित पाया गया।

मामले का खुलासा तब हुआ, जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मंडलोई औचक निरीक्षण पर विद्यालय पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने प्रधानपाठक की संदिग्ध गतिविधियों और लड़खड़ाते व्यवहार को देखकर उनसे बात की, जिसके पश्चात स्थिति स्पष्ट हो गई। शराब के नशे में धुत प्रधानपाठक को देखकर वे अत्यंत नाराज हुईं, और कार्रवाई करते हुए प्रधानपाठक को साथ लेकर स्वयं सरगांव थाना पहुंचीं। पुलिस ने प्रधानपाठक का मुलाहिजा कराया, जिसमें शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इस मामले की सूचना तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली को दी गई। मामले को गंभीर अनुशासनहीनता एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधानपाठक जनकराम ध्रुव को तत्काल निलंबित कर दिया। बीईओ मंडलोई का कहना है कि, विद्यालय बच्चों के भविष्य का आधार है, और इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। शिक्षा व्यवस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाया जा रहा है। ग्रामीणों व पालकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया। उनका कहना है कि, बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। शिक्षा विभाग पथरिया ने आश्वासन दिया है कि, ऐसे मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी एवं आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## सीपत में ग्रामीणों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**सीपत।** शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सीपत में मंगलवार को नशामुक्ति अभियान के तहत जनजागृति का सशक्त संदेश देते हुए ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से नशा छोड़ने और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। पंचायत सचिव हेमंत पटेल ने सरपंच, पंच और उपस्थित ग्रामीणों को नशा त्यागने का संकल्प दिलाया।



शपथ लेते हुए पंचायत प्रतिनिधि।

कार्यक्रम में सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू, पंचगण नरेश कुमार सूर्यवंशी, दीपक यादव, अमित धीवर, लच्छी वर्मा, उमेंद्र सूर्यवंशी, पोषण सत्यार्थी, संजय वर्मा, गोपी धीवर, राजू धीवर, दिलीप वर्मा, गोपी वर्मा, उत्तम धीवर, रामायण भोई, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। शपथ के दौरान 'नशा नहीं करेंगे, न करने देंगे' एवं 'नशामुक्त ग्राम, नशामुक्त भारत' जैसे उद्घोषों से परिसर गूंज उठा। सचिव हेमंत पटेल ने कहा कि, नशा एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है। उन्होंने कही कि, सीपत ने जो संकल्प लिया है, वह केवल औपचारिकता नहीं बल्कि व्यवहार में उतारने का वादा है। उन्होंने बताया कि, ग्राम पंचायत जल्द ही जनजागरूकता अभियान, घर-घर अपील और युवाओं की विशेष काउंसलिंग भी शुरू करेगी। सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार ने कहा कि, गांव का भविष्य हमारे युवा हैं। यदि उन्हें नशे से बचा लिया जाए, तो पूरा गांव सुरक्षित और प्रगतिशील बन सकता है। उन्होंने ग्रामीणों की सहभागिता को सराहते हुए कहा कि, आज सीपत ने एक आदर्श मॉडल गांव बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उपसरपंच प्रतिनिधि शशिकांत साहू ने कहा कि, नशामुक्ति तभी सफल होगी, जब लोग अपने मित्रों, परिवार और समुदाय को भी नशा न करने की प्रेरणा दें।उन्होंने कहा कि, पंचायत आने वाले दिनों में विद्यालयों व मोहल्लों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगी।

### डीएवी स्कूल गोबरीपाट में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रत

**करगी रोड कोटा।** डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोबरीपाट में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य अमित कुमार ने नशे के दुष्परिणामों पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। उन्होंने छात्रों को जीवन में नशे से दूर रहने तथा अपने आस-पास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस स्टाफ ने भी विद्यार्थियों को नशा मुक्त प्रदेश बनाने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही बच्चों को समझाया गया कि नशे से बचाव के तरीके क्या हैं और किस तरह जागरूकता ही इसका सबसे बड़ा उपाय है। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में नशा विरोधी संदेश को मजबूती से फैलाया गया।

### पीडीएस दुकानों ने नहीं बांटा राशन, 7 एजेंसियां निलंबित

**कोरबा।** विकासखण्ड कोरबा अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य की 7 दुकानों को पूर्व संचालित करने वाली आदिवासी सेवा सहकारी समिति मर्यादित सोनपुरी, कोरकोमा एवं श्यांग द्वारा 1 नवम्बर से आज तक बिना किसी कारण के बंद रखा जाना पाया गया। इससे हितग्राही समय पर खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सके। दुकानें बंद रखने का यह कृत्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका 5(24), 11, 12(3), 15, 16 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का स्पष्ट उल्लंघन माना गया है, जो दण्डनीय है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई जांच में गंभीर अनियमितताएँ पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही हितग्राहियों को सुचारू रूप से राशन उपलब्ध कराने हेतु नई संचालनकर्ता एजेंसियों को आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से संलग्न किया गया है।

## भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण आज

**मुंगेली।** पुराना बस स्टैंड स्थित परशुराम चौक में भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण बुधवार 19 नवम्बर को सुबह 10 बजे किया जाएगा। भगवान परशुराम की प्रतिमा के अनावरण को लेकर सर्व ब्राह्मण परिषद् मुंगेली में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होगें एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव करेंगे। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले कार्यक्रम में शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, नपा मुंगेली के अध्यक्ष रोहित शुक्ला, उपाध्यक्ष, जयप्रकाश मिश्रा तथा पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश पाठक शामिल होंगे। सर्व ब्राह्मण परिषद् के पवन पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, आशीष मिश्रा, सुनील पाठक, सुनील पाण्डेय, स्वतंत्र मिश्रा, सौरभ बाजपेयी, आयुष शुक्ला, अनावरण में परिषद की तरफ से योगदान दे रहे हैं। अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने सभी विप्रजनों व नगरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

■ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन, डिप्टी सीएम साव रहेंगे मौजूद



## उपमुख्यमंत्री साव देंगे 100 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**तखतपुर।** विधानसभा तखतपुर को उपमुख्यमंत्री अरूण साव 100 करोड़ रूपए से भी ज्यादा के विकास कार्यो की सौगात देंगे।

नगर के श्रीराम सदन में 19 नवम्बर को दोपहर 1 बजे भूमिपूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह केरेंगे। साथ ही बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडेय विशिष्ट अतिथि के रूप मौजूद रहेंगे। उपमुख्यमंत्री के नगर आगमन को लेकर भाजपाइयों ने तैयारी पूरी कर ली है। इस अवसर पर श्री साव भवन, सड़क निर्माण, हाई स्कूल, एनीकट, महाविद्यालय भवन, जूनापारा चौकी, जलाशय, चौपाटी आदि का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

## तोमरवंशी गर्ग गोत्रज वंशावली की पुण्यतिथि मनी

**तखतपुर।** तोमरवंशी गर्ग गोत्रज वंशावली की पुण्यतिथि झलियापुर में दीप प्रज्ज्वलित कर मनाई गई। इस मौके पर कौशल सिंह, बद्री सिंह, ओमप्रकाश, मनोज सिंह, भुवन सिंह, राम निहोरा सिंह, बलराम सिंह, संतोष सिंह, पुककल, राजकुमार, बरन सिंह, गुलाब सिंह, दीपक, प्रभात, ररुहा सिह, शिव सिंह, ललीत भरत, कोमल, भागेश, डेरिड सिंह तुलसिह मनहरण, रामनारायण, केशव, कार्तिक, नोहर, छत्रपाल, दुर्गेश, सोमनाथ, रवि, मन्नू, इंद्रजीत, शेर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर 110 सदस्यों को फोटोयुक्त नामावली नाम, पता, व्यवसाय, मोबाइल नंबर के साथ प्रकाशित डायरी का वितरण किया गया। जिनका नाम संकलन नहीं हो पाया था, उन्होंने फार्म भरकर जमा किया, साथ ही अन्य छूटे लोगों का फॉर्म भरने घर-घर जाकर संकलन करने को बात श्रवश्री कौशल सिंह राजपूत, ओमप्रकाश सिंह, मनोज सिह रामकुमार सिंह उपरोक्त जानकारी भागेशवर सिंह राजपूत ने कही।




### एकलव्य आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों ने जीते 14 पदक

**कोरबा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के लिए आयोजित चौथी ईएमआरएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य सहित कुल 14 पदक जीतकर जिले एवं पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला का मान बढ़ाया है। विद्यालय की छात्रा अस्मिता ने तैराकी में 3 स्वर्ण पदक, रिया ने 2 स्वर्ण पदक 1 रजत पदक और आरुशी ने 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। छात्र नरेश, नमन, घाशी और साहिल ने 1-1 रजत पदक प्राप्त किया. कक्षा 10वीं के छात्र नारद ने शतरंज में अपनी प्रतिभा दिखाते हए रजत पदक प्राप्त किया ।


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मीरा देवी अमलानी** पति ठाकुर दास अमलानी, निवासी- लंका काम्पलेक्स के पीछे, यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर तह. व जिला - बिलासपुर (छ.ग.) यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपने पुराने नाम जमुना बाई अमलानी को त्याग कर नया नाम **मीरा देवी अमलानी** पति ठाकुरदास अमलानी रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **मीरा देवी अमलानी** पति ठाकुरदास अमलानी से ही जाना पहचाना जावे।

**मीरा देवी अमलानी**
**लंका काम्पलेक्स के पीछे, यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर तह. व जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**


## जीएम ने की मेमू के पैरामीटर की जांच

**बिलासपुर।** लालखदान रेल हादसे के कारण सभी लोकल मेमू को चेक करने के बाद ही आगे रवाना किया जा रहा है, जिसके तहत जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने भी लोकल ट्रेन के सुरक्षित परिचालन से संबंधित आवश्यक पैरामीटर को चेक किया है। बिलासपुर मंडल के लालखदान में लोकल ट्रेन और मालगाड़ी हादसे के बाद से सभी अधिकारी और कर्मचारी सचेत हो गए हैं। लोकल के साथ एक्सप्रेस ट्रेनों के इंजन को भी पूरी तरह से जांच के बाद ही आगे की ओर रवाना किया जा रहा है। पैरामीटर से ब्रेक और अन्य उपकरणों का कार्य भिलाई लोको शेड में किया जाता है। इसके तहत वर्तमान में जोन और डिवीजन से निकलने व गुजरने वाली लोकल मेमू ट्रेनों में सीसी कैमरे के अलावा अन्य कार्य किया जाना है। इसे देखने के लिए सोमवार को एसईसीआर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने मेमू कारशेड के लेआउट का जायजा लिया। पेन्यूमेटिक टेस्ट रूम, इलेक्ट्रिकल टेस्ट रूम, ईएमसी टेस्ट बेंच, मेमू सवारी का निरीक्षण करने के उपरांत श्री फेस और कन्वेंशनल मेमू रैक के सुरक्षित परिचालन से संबंधित आवश्यक पैरामीटर को चेक किया।

## दस केंद्रों में 52 किसानों ने बेचा धान

**बिलासपुर।** धान खरीदी का जोर अब खरीदी केंद्रों में नजर आने लगा है। मंगलवार को जिले के दस केंद्रों में 52 किसानों ने अपना धान बेचा है। इस दौरान किसानों से अब तक 3 हजार 816 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने अब किसानों की भीड़ सहकारी समितियों में नजर आने लगी है। मंगलवार को जिले के दस केंद्रों में धान की खरीदी की गई। इसके अंतर्गत कुल 52 किसानों द्वारा अपना धान बेचा गया। किसानों द्वारा धान बेचने के लिए टोकन पहले से लिया जा चुका था। धान बेचने वालों की संख्या फिलहाल कम है, जिससे समितियों में बारदाने की कमी जैसी कोई स्थिति नहीं है। किसान आसानी से अपना धान बेच पा रहे हैं।इधर मंगलवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा राईस मिलरों की बैठक ली गई। इस दौरान उन्होंने मिलरों से तीन दिनों के भीतर अपना-अपना पंजीयन कराने को कहा।


**न्यायालय श्रीमान् प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
श्रीमती उर्मिला केंवट ....आवेदिका
बनाम
आम जनता वगैरह ........अनावेदकगण
व्य.वा.क्र.-04/2025
पेशी दिनांक-05.12.2025
ईश्तहार

आवेदिका उर्मिला केंवट के द्वारा अपने पुत्र राहूल निषाद की मृत्यु हो जाने के कारण उसके उत्तराधिकारी की घोषणा के लिये माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली के न्यायालय में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की है, जिसकी सुनवाई दिनांक-05.12.2025 को नियत है, जिस हेतु किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो उपरोक्त पेशी दिनांक-05.12.2025 को उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लें, अन्यथा प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश दिनांक-05.12.2025 को अवकाश घोषित हो जाता या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की कार्यवाही अगले दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा जारी किया गया है।
(जसविंदर कौर अजमानी मलिक)
प्र.व्यव. न्या. वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली,
जिला- मुंगेली, छ.ग.

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-587, आबंटी श्री कृष्ण मुरारी जायसवाल पिता श्री जगदेव प्रसाद जायसवाल,** को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक **17.05.2006** को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता **श्रीमती लक्ष्मीन बाई साहू पति श्री ध्रुव कुमार साहू,** को विक्रय करना चाहते हैं। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति /शासकीय /अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र........../अ-6-/2025-26
ग्राम- खजुरी नवागांव, तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद बुधौलिया पिता श्री रमाकांत बुधौलिया, निवासी टी.एस. कॉलोनी, विनोबा नगर बिलासपुर के द्वारा मौजा खजुरी पहनं.48, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 745 रकबा 0.032 हेक्टेयर भूमि आवेदक द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 24.10.2008 को क्रय किया गया है जिसका विधिवत नामांतरण पश्चात किसान किताब प्रदाय किया जा चुका है, परंतु वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 26/11/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 10/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना अभिलाशा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक ईडब्ल्यू.एस ब्लाक नं.-35/411, (भूतल) आबंटी श्री मनोज कुमार गुप्ता पिता श्री आर.एम. गुप्ता, के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 16.06.2016 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती रीता देवी पति श्री रामाजी यादव, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/क/अति.तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 04/11/2025
रा.प्र.क्र...../ब-121/2025-26
ग्राम-मंगला, प.ह.नं.-35

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.न.-35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री भगवती कुर्रे पिता स्व. बुधराम कुर्रे निवासी ग्राम आजाद चौक, मंगला, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पिता बुधराम कुर्रे के मृत्यु दिनांक 17/04/2000 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 20/11/2025 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**:: ईश्तहार ::**
राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-2/2025-26
ग्राम-बरेला तहसील जरहागांव जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक 1. अमित कुमार अग्रवाल, 2. संदीप अग्रवाल पीसरान सत्यनारायण अग्रवाल निवासी बरेला तहसील जरहागांव जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम बरेला प.ह.नं. 37/09 स्थित भूमि ख.नं. 977/2, 978, 986/2, 986/4, 986/8 रकबा क्रमशः 0.397, 0.097, 0.093, 0.089, 0.089 हे. कुल रकबा 0.765 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 28.11.25 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 14.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**-: विवाह सूचना का प्रकाशन :-**
क्रमांक /क /वाचक/अति.कले./2025
बिलासपुर, दिनांक 31/10/2025

श्री आशीष बंजारे आत्मज श्री तिलक बंजारे उम्र 21 वर्ष निवासी उड़गन थाना व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. **एवं** कुमारी जलेश्वरी मरावी आत्मजा श्री वासुदेव मरावी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नवागांव थाना व तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 04.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


श्री आशीष बंजारे


कु.जलेश्वरी मरावी

**(एस.एस. दुबे)**
**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, तखतपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**राजस्व मामले की नोटिस**
रा.प्र.क्र. /अ-27-/2025
ग्राम- केकति प.ह.नं. 17,
तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.
प्रति,
1-विवेक पिता राजकुमार 2-सौरभ पिता राजकुमार, 3-सरिता पति राजकुमार तीनो जाति नायडू निवासी यश सुपर बाजार के पास, रिंग रोड 02, महाराणा प्रताप चौक, बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग.
मनोज नायडू वगै. **बनाम** विवेक वगै.

एतद् द्वारा आवेदकगण मनोज नायडू, विकाश नायडू दोनो पिता प्रेमलाल नायडू जाति नायडू निवासी ग्राम अमेरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम केकति प.ह.नं. 17, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 9, 79, 718, 1443 रकबा क्रमशः 0.1420, 0.5390, 0.0240, 0.4540 हे. भूमि उभयपक्ष के संयुक्त नाम पर दर्ज है, जिस पर आवेदकगण के द्वारा अपने हिस्से की भूमि 1/2 भाग का अपने नाम पर पृथक खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त अभिलेख दुरुस्ती के संबंध में मेरे न्यायालय में दिनांक 27/11/2025 को दिन 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अनुपस्थित रहने पर आप लोगों के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा

आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार तखतपुर




**लोक निर्माण विभाग भूमिपूजन**- अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन निर्माण चिचिरदा 10 करोड़ 6 लाख 45 हजार, बहतराई से चांवल गोदाम सैदा तक 2 किमी. 2 करोड़ 99 लाख 52 हजार, बहतराई से संबलपुरी मिनी स्टेडियम तक मार्ग निर्माण 4 किमी 2 करोड़ 33 लाख 51हजार, नवापारा से कपसियाखुर्द तक मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.55 कि.मी. 1 करोड़ 89 लाख 29 हजार, टांडा से गधियापारा बस्ती मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.60 किमी. 1 करोड़ 93 लाख 29 हजार, नेवरा में आईटीआई भवन तथा 50 सीटर छात्रावास भवन निर्माण 5 करोड़ 36 लाख 10 हजार, लिम्ही से पोंडी मार्ग निर्माण लंबाई 2 किमी 2 करोड़ 79 लाख 87 हजार, सिंघनपुरी से सलैहा मार्ग निर्माण लंबाई 2 किमी 2 करोड़ 83 लाख 39 हजार, पाली से सिलतरा मार्ग निर्माण लंबाई 2 किमी 2 करोड़ 60 लाख 52 हजार, ग्राम मोछ में नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल निर्माण 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार, मेडपार बाजार से सकेती मार्ग लंबाई 2 किलोमीटर 3 करोड़ 40 लाख 33 हजार, ठाकुरकापा से केकराड मार्ग लंबाई 2 किलोमीटर 3 करोड़ 51 लाख 51 हजार, ग्राम दर्री विजयपुर में हाई स्कूल भवन का निर्माण 75 लाख 23 हजार, तखतपुर में शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन का निर्माण 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार, लाखासर से मोछ मार्ग लंबाई 4 किलोमीटर 4 करोड़ 55 लाख 1 हजार

**लोकार्पण**-देवरी चनाडोंगरी मार्ग का मजबूतीकरण एवं डामरीकरण कार्य लंबाई 5.875 किमी 6 करोड़ 99 लाख 84 हजार, करगीखुर्द से मरहीकापा मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.10 किमी 4 करोड़ 74 लाख 17 हजार, **भूमिपूजन** - पुलिस हाउसिंग पुलिस चौकी जूनापारा भवन शिलान्यास 41 लाख,

**जल संसाधन संभाग लोकार्पण**- गुनसरी एनीकट 2 करोड़ 92 लाख 70 हजार, कठमुड़ा एनीकट 2 करोड़ 18 लाख 8 हजार, बेलपान टिकरी स्टाप डेम 2 करोड़ 29 लाख 5 हजार

**शिलान्यास**- विजयपुर एनीकट 6 करोड़ 81 लाख 31 हजार बंधवा, भरनी जलाशय जीणोद्धार कार्य 2 करोड़ 6 लाख 59 हजार, **प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना लोकार्पण**-तखतपुर से हरदी मुख्य मार्ग में ग्राम पकरिया में वृहद पुल निर्माण 140 मीटर लंबा लागत 6 करोड़ 55 लाख, **भूमि पूजन**- चिचिरदा मुख्य मार्ग 3.72 किमी 80 लाख 45 हजार बीजा से समडिल 5.60 किमी 1 करोड़ 52 लाख 39 हजार, सकेती से मेड़पार बाजार 6.98 किलोमीटर 1 करोड़ 80 लाख 69 हजार जरौंधा, खमरिया; चनाडोंगरी एवं नेवरा में गौरव पथ 1 करोड़ 30 लाख,

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** - एकल ग्राम जल प्रदाय योजना ग्राम बरगन, कठमुड़ामाल, पांड, सफरीभाटा पुरेना, डोमनपुर, करनकापा एवं विंध्यासार 5 करोड़ 65 लाख 20 हजार

**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा** - महतारी सदन निर्माण बेलपान एवं गनियारी 60 लाख, **सब स्टेशन स्वीकृति राशि**-उस्लापुर सब स्टेशन 219 लाख, पोड़ी सब स्टेशन 248 लाख, विजयपुर सब स्टेशन 218 लाख

**नगर पालिका तखतपुर क्षेत्र लोकार्पण**-अटल परिसर निर्माण कार्य 30 लाख, हाई स्कूल मैदान में फ्लड लाइट निर्माण कार्य 95 लाख 97 हजार, श्रीराम सदन में शेड निर्माण कार्य मानस मंच सीसी फ्लोरिंग कार्य 1 करोड़ 36 लाख 94 हजार, विद्युत पोल विस्तार कार्य वार्ड एक एवं दो में एवं मनियारी पुल से मंडी चौक तक 35 लाख 83 हजार, अधो संरचना मद अंतर्गत सीसी रोड आरसीसी नाली निर्माण 1 करोड़ 44 हजार

**भूमि पूजन**- चौपाटी निर्माण कार्य 92 लाख 85 हजार, एसटीपी निर्माण कार्य 4 करोड़ 59 लाख 70 हजार, मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य 1 करोड़ 98 लाख 57 हजार, परमेश्वरी सरोवर सौंदर्यीकरण कार्य 2 करोड़ 60 लाख,



संकलनकर्ता
टेकचंद कारड़ा
हरिभूमि प्रतिनिधि, तखतपुर

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से रेलवेकर्मी घायल

**बिलासपुर।** कार क से स्कूटी सवार रेलवेकर्मी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए रेलवे हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका रामकृष्ण नगर निवासी रेलवेकर्मी मनोज प्रसाद शर्मा 59 साल 17 नवंबर को दोपहर 12.50 बजे घर से स्कूटी क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू, 5792 से ड्यूटी जाने के लिए निकले थे। छठघाट पुल के पास पीछे से आ रही कार क्रमांक सीजी 08 एके, 0176 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दिया। हादसे में श्री शर्मा घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए रेलवे हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एम्बुलेंस की टक्कर से दो युवक घायल

**बिलासपुर।** एम्बुलेंस की टक्कर से एक्टीवा सवार दो युवक घायल हो गए है। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार जूना बिलासपुर उदई चौक निवासी राहुल शर्मा पिता सनत शर्मा 17 नवंबर की रात अपने दोस्त गणेश शर्मा के साथ अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीएल, 3370 में अपोलो हास्पिटल से घर लौट रहे थे। शनिचरी बाजार शुलभ के पास सामने से आ रहे अज्ञात एम्बुलेंस के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी एक्टीवा को टक्कर मार दिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी एक्टीवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने राहुल शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात एम्बुलेंस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चक्काजाम करने वाले पांच आप नेता गिरफ्तार व रिहा

**बिलासपुर।** फिलिस्तानी झंडा फहराने के मामले में आरोपियों के गिरफ्तारी की विरोध में कलेक्ट्रोरेट के सामने चक्काजाम करने के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी के 5 नेताओं को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, पूर्व में तारबाहर क्षेत्र में कुछ लोगों के द्वारा फिलिस्तानी लगाकर फहरा दिया गया था। जिसकों लेकर क्षेत्र में जमकर हंगामा मचाते विरोध प्रर्दशन किया गया था। झंडा फहराने व हंगामे का वीडियों सोशल मीडियों जोरों से वायरल हुआ था। एसएसपी रजनेश सिंह ने तत्कालीन तारबाहर टीआई गोपाल सतपथी को लाइन अटैच कर दिया था। उसके बाद झंडा फहराने वालों को गिरफ्तार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी की विरोध में आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा कलेक्ट्रोरेट के सामने चक्काजाम कर दिया गया था। जिससे दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। जाम में फंसकर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। पुलिस ने चक्काजाम करने वाले नेताओं के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया था। 18 नवंबर को पुलिस ने आम आदमी पाटी की नेता प्रियंका शुक्ला, जशबीर सिंह, विवेक यादव, लखन सुबोध, सलबेन को गिरफ्तार कर मुचालका जमानत पर छोड़ दिया है।

**सर्किल में 50 फीसदी ही लक्ष्य पूरा** | विभाग की कवायद के बावजूद नहीं लग सके स्मार्ट मीटर, उपभोक्ता बिचक रहे

# 7 लाख उपभोक्ता में महज आधे घरों तक पहुंचा स्मार्ट मीटर, बिल बढ़ने का भय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिल चुकाना पड़ रहा है, इसकी शिकायत भी विभाग के पास पहुंच रही है, लेकिन अधिकारी मानने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि विभाग के अधिकारियों की लाख कोशिशों के बाद भी स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। 7 लाख 61 हजार घरों में से महज 3 लाख घरों में ही मीटर लगाया जा सका है। यानी आधे घरों में अभी भी मीटर लगाना बाकी रह गया है।

स्मार्ट मीटर लगाने का काम शहरीय क्षेत्रों में काफी धीमी गति से चल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण लोगों में बिजली बिल का बढ़ना है। विभाग के अधिकारी इसे भ्रांति बता रहे है जबकि हकीकत को लेकर कोई टेस्ट रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। जिन उपभोक्ताओं ने शिकायत की है, उन्हें आधी अधूरी जानकारी के साथ वापस भेज दिया जाता है। बिजली विभाग द्वारा 7 लाख 61 हजार 843 मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया था,यह लक्ष्य 6 माह में पूरा किया जाना था, लेकिन डेढ़ साल बाद 3 लाख 22 हजार 914 मीटर ही लग सका है। वहीं कमर्शियल मीटर के लिए 16 हजार 500 मीटर का लक्ष्य रखा गया है जिसमें 11 हजार 522 मीटर लगाया जा चुका है।



### एमपी में हो चुका है विरोध

जानकारों के अनुसार मध्यप्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का तगड़ा विरोध हो चुका है, जिसके बाद इसे लगाने की अनिवार्यता 31 मार्च 2028 तक बढ़ाई गई है। यानी उपभोक्ताओं को विकल्प मिल गया है कि पारंपरिक मीटर को 2028 तक रख सकते है। दरअसल मध्यप्रदेश की जनता स्मार्ट मीटर लगाने के बाद आने वाले बेहिसाब बिल से हलाकान हो चुकी है, जिसके बाद विरोध शुरू हुआ था, अक्टूबर माह में ही कंपनी ने इसकी अनिवार्यता हटाई है।

### मार्च महीने का अल्टीमेट

जीनस कंपनी द्वारा मीटर लगाने के लिए 350 कर्मचारियों को काम में लगाया गया है। बिलासपुर संभाग के बिलासपुर शहर व ग्रामीण, जीपीएम,मुंगेली, कोरबा शहर –ग्रामीण व रायगढ़ में 7 लाख 61843 मीटर लगाने का लक्ष्य दिया गया है।लक्ष्य के अनुपात में कर्मचारी की संख्या काफी कम है। एक कारण यह भी है जिसके चलते मीटर लगने में देरी हो रही है। हाल ही में कंपनी को मार्च महीने तक टारगेट पूरा के निर्देश मिले है। जानकारी के अनुसार शहर में 54 प्रतिशत और ग्रामीण में 41 प्रतिशत काम पूरा कर किया गया है। इसके अलावा पेंड्रा, मुंगेली, कोरबा, कटघोरा को मिलाकर 43 प्रतिशत काम पूरा किया गया है।

निगम सिर्फ नोटिस देकर औपचारिकता और खानापूर्ति कर रहा

# अवैध निर्माण पर रोक नहीं, बिना अनुमति घर और दुकानें बन रहे, तानी जा रहीं बिल्डिंग



### गंगाश्री टॉकिज के सामने तीन मंजिला भवन बन रहा

गंगाश्री टाकीज के पास भारतीय स्टेट बैंक के सामने बिना नक्सा पास कराए तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया गया है। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों ने निगम के साथ ही जोन आफिस से की है। क्षेत्र के सीएल सूर्यवंशी द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि इस निर्माण के लिए टाउन कंट्री प्लैनिंग, पीडब्ल्यूडी, व नगर निगम से किसी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। साथ ही निगम के के इंजिनियर, जोन कमिश्नर और पटवारी पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही सड़क में ट्रैफिक की समस्या की बात भी कही गई है। निगम ने नोटिस की बात कहते हुए जिम्मेदारी पूरी कर ली है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र में 8 जोन हैं। यहां 8 जोन कमिश्नर के साथ ही भारी भरकम अमला है। इसके बाद भी किसी भी क्षेत्र में अवैध निर्माण पर रोक नहीं लग पा रही है। बिना अनुमति घर और दुकान बन रहे हैं तो बड़ी बड़ी बिल्डिंगे तन जा रही हैं। यहां तक की आवासीय क्षेत्र में घर के परमिशन पर काम्प्लेक्स बन रहे हैं।

निगम सिर्फ नोटिस देकर औपचारिकता और खानापूर्ति कर रहा है। जिले की बात करें तो पिछले 5 सालों में 8 हजार से अधिक निर्माण अवैध की श्रेणी में है। इनमें नक्शे के विपरीत बिना नक्शा पास अनुमति से अधिक निर्माण मिले हैं। दरअसल शहर विस्तार के साथ ही नए मकान, दुकान, कॉम्प्लेक्स, और टावर का निर्माण लगातार हो रहा है। निर्माण के साथ ही लोग नक्शा पास करने को लेकर गंभीर नहीं हैं। साथ ही नक्शे के विपरीत निर्माण कराने लगे हैं। कुछ लोग तो नक्शे से ज्यादा भी निर्माण कर लेते है। इसे देखते हुए नगर निगम की पिछली बैठक में तय किया गया था कि आर्किटेक्ट्स और इंजीनियर भी अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार होंगे। इसके बाद भी लेकिन नियमों के खिलाफ दुकान बन रहें और अधिकारी मूक दर्शक हैं। कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। हाल ही में कुछ घटनाओं में सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण, बिना नक्शा पास कराए बिल्डिंग बनाने के लगातार मामले सामने आएं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

- **निगम क्षेत्र में 8 जोन, यहां जोन कमिश्नर के साथ ही भारी भरकम अमला लेकिन फील्ड पर ध्यान नहीं**

### पुराना बसस्टैंड की 20 फिट सड़क पर कब्जा

शिव टॉकीज चौक से पुराना बसस्टैंड के बीच में स्थित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। यहां 40 फीट चौड़ी सड़क थी, लेकिन संचालक ने एक रसूखदार ने आधे हिस्से यानी 20 फीट पर कब्जा कर वहां किचन का निर्माण करा लिया है। आसपास के लोगों ने निगम प्रशासन से शिकायत करते हुए अवैध निर्माण को तत्काल हटाने की मांग की है। निगम की ओर से तीन बार नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगा गया लेकिन अवैध कब्जाधारी ने जवाब तक नहीं दिया। निगम ने तहसीलदार को सीमांकन के लिए पत्र लिखा है। सीमांकन के बाद इस मामले में तोड़फोड़ की बात कही जा रही है।

### सिंधी धर्मशाला के सामने कमर्शियल बिल्डिंग

जूना बिलासपुर, वार्ड क्रमांक-33 में सिंधी धर्मशाला के सामने आवासीय नक्शे पर कमर्शियल बिल्डिंग खड़ी कर दी गई है। शिकायत के बाद निगम ने नोटिस जारी किया, पर कार्रवाई नहीं हुई। कहा जा रहा है कि बिल्डिंग मालिक को एक भाजपा नेता का संरक्षण प्राप्त है, जिसकी वजह से अधिकारी नोटिस से आगे नहीं बढ़ पा रहे। ध्यान रहे कि इसी तरह शहर के जोन 4 विनोबानगर की आर 1 गली में आवासीय नक्शे पर दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। नोटिस के बाद निगम ने इन दुकानों को हालांकि तोड़ दिया है। कालोनीवासियों ने बताया कि रजिस्ट्री पेपर में सामने की सड़क में 48 फीट जमीन है, लेकिन निस्तारी के रास्ते पर 2 फीट कब्जा कर लिया गया था।

### अवैध निर्माण के और भी मामले

**केस 1** **जवाली नाले पर अवैध निर्माण:** जवाली नाले की सरकारी जमीन पर एक चार मंजिला कमर्शियल इमारत बनाई गई है। हालांकि, अभी तक नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

**केस 2** **उसलापुर ओवरब्रिज:** उसलापुर ओवरब्रिज के पास एक मकान को बिना अनुमति के बनाने की कोशिश में निगम ने बुलडोजर चलाकर उसे तोड़ दिया था। इस दौरान जमकर हंगामा मचा।

**केस 3** **इंदु चौक पर अवैध शादी घर:** इंदु चौक के पास बिना अनुमति के बनी दोमंजिला शादी घर और लॉन को निगम ने ध्वस्त कर दिया था, क्योंकि मालिक ने आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए थे। हालांकि सवाल उठा कि इतना बड़ा निर्माण हो कैसे गया और किसी अधिकारी का ध्यान तक कैसे नहीं गया।

### अवैध निर्माण में लगातार कार्रवाई

इस बारे में शिकायत की जानकारी मिली है। जोन आफिस से इस प्रकरण के बारे में पूरी डिटेल्स ली जाएगी। बिना नक्सा पास कराए तीन मंजिला व्यवसायिक भवन का निर्माण किया गया है तो गलत है। बस स्टैंड और जूना बिलासपुर में हुए अवैध निर्माण की भी पूरी जानकारी ली जा रही है।

\- श्रीमती पूजा विधानी
महापौर, बिलासपुर

लालखदान रेल हादसा

# जरूरी दस्तावेज लेकर रवाना हुए डिवीजन के अफसर

**बिलासपुर।** लालखदान रेल हादसे के मामले में रेल मंत्रालय के आदेश पर रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा की जांच अब तक पूरी नहीं हो सकी है। कोलकाता वापस जाने के बाद उनके आदेश पर बिलासपुर डिवीजन के चार अफसर जरूरी दस्तावेज लेकर रवाना हो गए हैं, जिसे चेक करने के बाद श्री मिश्रा अपनी जांच को आगे बढ़ाएंगे।

- **सीआरएस कर रही जांच, बीच-बीच में मंगाया जा रहा है रेल मंडल से साक्ष्य**

बिलासपुर रेल मंडल के लाल खदान में हुए मेमू रेल हादसे की जांच कर रहे आयुक्त रेल सेफ्टी बीके मिश्रा ने बिलासपुर जोन और डिवीजन के चार अफसरों को दस्तावेज के साथ सोमवार को कोलकाता पहुंचने के निर्देश दिए थे। बिलासपुर डिवीजन के सभी अफसर उन विभागों के प्रमुख हैं जिन विभागों की दुर्घटना की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका है। जांच के दौरान इन सभी विभागों से संपूर्ण जानकारी सीआरएस को नहीं मिल पायी है। गौरतलब है कि गेवरा से बिलासपुर आ रही मेमू लोकल ट्रेन 4 नवंबर को लालखदान के पास मालगाड़ी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस हादसे की जांच के लिए दक्षिण पूर्वी सर्किल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने 5 नवंबर को बिलासपुर पहुंचने के बाद गतौरा रेलवे स्टेशन के ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम के पैनल की जांच करने के



बाद ट्रेन के परिचालन के की जानकारी जुटाई। करीब 2 घंटे वहां पर रहने के बाद वे लालखदान स्थित दुर्घटना स्थल पर पहुंचे थे। 6 से 9 नवंबर तक उन्होंने डीआरएम कार्यालय में 28 लोगों से पूछताछ की। अंतिम दिन उन्होंने चार विभाग प्रमुखों से भी घंटों चर्चा करने के बाद उनसे दस्तावेज मांगे थे, लेकिन अफसरों के पास कुछ दस्तावेज मौजूद नहीं थे। यहां से जाने के पांच दिन बाद सीआरएस ने चारों विभागीय प्रमुखों को जानकारी लेकर कोलकाता बुलवाया था, इसमें प्रिंसिपल चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर, प्रिंसिपल चीफ मेडिकल डिपार्टमेंट, प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर शामिल हैं। इन अफसरों से जो जानकारी मांगी गई है उसके मुताबिक सहायक लोको पायलट की वस्तुस्थिति उसका बयान, दोनों के फोन कॉल रिकार्डिंग, वाट्सऐप चेटिंग, यूट्यूब यूज का समय, इंजन के कैमरे की वाइस व वीडियो रिकार्डिंग सहित कुछ अन्य तरह की जानकारी शामिल है। यह चारों अफसर बिलासपुर से कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं।

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग
• खून की कमी
• खून कम बनना
• सांस से संबंधित बीमारियां
• डायबीटिज
• थायराइड
• हेपेटाइटिस बी
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
मैक्सिलोफेशियल विभाग
• चेहरे की चोट एवं टूटे हुए जबड़ों का ईलाज
• चेहरे की जन्मजात विकृतियों का ईलाज
• गुटखा खाने के कारण मुंह के कम खुलने का ईलाज
• लार के ग्रंथियों की विभिन्न बीमारियों का ईलाज
• छोटे-बड़े एवं जबड़ों के टेढ़ेपन का ईलाज
• मुंह एवं चेहरे के कैंसर का ईलाज
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

# वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में व्यापार विहार शराब दुकान के पास मारपीट होने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। 17 नवंबर को सोशल मीडियों में व्यापार विहार स्थित शराब दुकान के युवकों के बीच मारपीट होने वीडियो जोरो से वायरल हो रहा था। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीडियो को गंभीरता से लेते हुए मारपीट कर शहर में अशांती फैलाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने तारबाहर पुलिस के साथ वीडियो का अवलोकन करने के बाद मारपीट करने वाले युवक की पहचान कर चंदेला नगर निवासी दुर्गेश साहू पिता महेत्तर साहू 27 साल को पकड़ लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर सिटी मजिस्ट्रेट के कोर्ट में पेश किया।

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# ओला कंपनी का मालिक बताकर लोगों से किराए पर गाड़ी लेकर नहीं लौटाने वाला सरगना गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ओला कंपनी का मालिक बताकर लोगों से किराए में गाड़ी लेकर पैसा व गाड़ी नहीं लौटाने वाले सरगना को पीड़ितों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक गाड़ी जब्त कर लिया है।

राजकिशोर नगर तुलसी आवास निवासी हरेमुरारे यादव पिता स्व. दशाराम यादव ने रिपोर्ट लिखाई। वह अपनी डिजायर क्रमांक सीजी- 10 एवाय, 5487 को किराए में चलाते थे। किराए में नहीं चलने पर उन्होंने अपनी कार ओला कंपनी में देने का मन बनाया। फरवरी 2025 में उनकी राजकिशोरनगर कल्याण बाग निवासी सुवर्णो घोषाल पिता विकास घोषाल 26 साल से मुलाकात हुई। उन्होंने घोषाल से अपनी कार ओला कंपनी में चलवाने की बात की। जिस पर सुवर्णो घोषाल ने कहा कि वह स्वयं ओला कंपनी चलाता है और डिजाइर कार के लिए 24 हजार रुपए प्रतिमाह किराया देने की बात भी कही। हरेमुरारे यादव विश्वास में आ गए और अपनी कार किराए में दे दी। घोषाल ने एक बाद डेढ़ माह का किराया लगभग 30 हजार रुपए दिया भी लेकिन उसके बाद किराए का पैसा देने में टालमटोल करने लगा। 10 मई 2025 को श्री



यादव ने बजरंग चौक राजकिशोरनगर के पास सुवर्णो घोषाल से मुलाकात की और गाड़ी के साथ पैसा वापस मांगा। घोषाल ने लेकिन विवाद किया और कहा कि ना कोई किराया दूंगा, और ना गाड़ी वापस करूंगा। इसी तरह अशोकनगर अटल आवास निवासी अजय श्रीवास पिता स्व. अयोध्या श्रीवास की कार क्रमांक सीजी 04 पीक्यू, 9699 को किराए पर लेकर भी घोषाल ने किराया और गाड़ी नहीं लौटाया। इसी तरह अन्य लोगों से भी ओला कंपनी में गाड़ी चलाने के लिए किराए में लेकर गाड़ी व पैसा नहीं लौटाने की जानकारी भी मिली। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की रिपोर्ट पर अलग अलग बीएनएस की धारा 316, 2, 316, 2 के तहत आरोपी सुवर्णो घोषाल को गिरफ्तार कर, एक गाड़ी जब्त कर लिया है। वहीं किराए में लिए गए अन्य गाड़ी व आई फोन की पतासाजी की जा रही है।

### 5 लोगों से किराए में लेकर 9 लाख 59 हजार का कैमरा लेकर भागा

5 लोगों से कैमरा किराए पर लेकर भागने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। इसकी कुल कीमत 9 लाख 59 हजार रुपए बताई जा रही है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर के मुताबिक करबला कोदू चौक निवासी देवेन्द्र गुप्ता पिता कमल गुप्ता आउट डोर फोटो / वीडियोग्राफी का काम करता है। 8 जून 2025 की रात 11 बजे मोहल्ले के परिचित अब्दुल सिफ्तान उर्फ मोन्टी खान उसके घर आया है निकॉन कंपनी का कैमरा, लैंस, फ्लैश, एलईडी लाइट कीमती 2 लाख 38 हजार 500 सामान को किराए पर चलाने की बात कहते हुए लेकर गया। इसी तरह मनोज साहू, मनीष सोनी, मनीष निषाद, देवेंदर कुमार साहू से ड्रोन व कैमरा भी लिया गया लेकिन अब सामान वापस नहीं किए जा रहे हैं। पुलिस ने देवेन्द्र गुप्ता की रिपोर्ट पर अब्दुल सिफ्तान उर्फ मोन्टी खान पिता अब्दुल रहीम के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# कांग्रेस आदिवासियों का इस्तेमाल वोट बैंक की तरह करती रही

**बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि देश की 75 वर्षो की यात्रा में आदिवासी समाज के साथ न्याय करने का काम भाजपा ने किया है जबकि कांग्रेस आदिवासियों का इस्तेमाल सिर्फ एक वोट बैंक की तरह करती रही है।

सर्किट हाऊस में मंगलवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक परिवार के इर्द-गिर्द घुमती रही और इस परिवारवाद की राजनीति की वजह से उन्होंने कभी आदिवासी समाज को मान सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी समाज के योगदान को ध्यान में रखते हुए इसे राष्ट्रीय पटल पर लेकर आए। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर 15 नवंबर को आदिवासी गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती को समर्पित है। प्रेसवार्ता में भाजपा बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, अनुजनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनोहर राज, अनुजनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष लखन पैकरा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी केके शर्मा, मीडिया सहप्रभारी दुर्गेश पाण्डेय, सोशल मीडिया जिला संयोजक देवेश खत्री भी उपस्थित रहें।

- **भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ने कांग्रेस पर लगाए आरोप**

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411